दिनांक 18.01.2024 को श्री देबाशीष मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक द्वारा अंचल कार्यालय मणिपाल का दौरा किया गया। महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख श्री एम जी पण्डित व अन्य कार्यपालकों द्वारा कार्यपालक निदेशक का स्वागत किया गया तथा दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अंचल के कार्यनिष्पादन पर प्रकाश डाला। अंचल के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, आरएएच, एमएसएमई सुलभ, एआरएम, एसीसी की समीक्षा भी की गई।

मुम्बई

दिनांक 26.01.2024 को अंचल कार्यालय, मुम्बई द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। श्री पुरशोत्तम चन्द, मुख्य महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख ने तिरंगा झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री पुरशोत्तम चन्द, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के निरीक्षण के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन श्री षोजो लोबो, वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा किया गया। अंचल कार्यालय, एकीकृत कोष विभाग एवं स्थानीय शाखाओं/कार्यालयों के कर्मचारीगण एवं परिवार के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

पटना

दिनांक 29.12.2023 को श्री भवेन्द्र कुमार, कार्यपालक निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बकमंडल, बहेड़ी, दरभंगा के नए कमरे सह स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन किया गया। इस दौरान अंचल कार्यालय, पटना से महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख श्री अरुण कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

पुणे

दिनांक 13.12.2023 को श्री भवेंद्र कुमार, कार्यपालक निदेशक का पुणे अंचल में आगमन हुआ। इस अवसर पर अंचल कार्यालय, पुणे में क्षेत्रीय कार्यालयों, एलसीबी, एमसीबी तथा कार्यपालकों द्वारा संचालित वीएलबी/ईएलबी शाखाओं की समीक्षा एवं कारोबार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक, श्री भवेंद्र कुमार ने की। कार्यपालक निदेशक ने उपस्थित कार्यपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि कासा में गिरावट, निवल ब्याज मार्जिन में कमी, परिचालन लाभ में कमी, बढ़ता एनपीए आदि बैंक के कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सुधार किए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रत्येक शाखा में दैनिक आधार पर जीडीपी, एलीट, डिलाइट, जीवनधारा आदि के अंतर्गत कम से कम 4–5 गुणवत्तापूर्ण कासा खाते खोले जाने की आवश्यकता है। कार्यपालक निदेशक ने "इंद्रधनुष" और "तेजस" अभियानों के तहत क्षेत्रीय कार्यालयों एवं शाखाओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से सहभागिता कर निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया।

राँची

दिनांक 16.01.2024 को होटल रेडिसन ब्लू, राँची में प्रभात खबर किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री सी. पी. राधाकृष्णन, माननीय राज्यपाल, झारखण्ड तथा श्री बादल पत्रलेख, माननीय मंत्री, कृषि, पशु पालन एवं सहकारिता, झारखण्ड सरकार भी उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण को भी आमंत्रित किया गया था। श्री श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक के कुशल नेतृत्व में केनरा बैंक को झारखण्ड सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में सराहनीय निष्पादन करने हेतु पुरस्कृत किया गया। श्री सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने श्री सी. पी. राधाकृष्णन, माननीय राज्यपाल तथा श्री बादल पत्रलेख, माननीय मंत्री, कृषि, पशु पालन एवं सहकारिता से पुरस्कार ग्रहण किया। साथ ही, श्रीमती रूम्पा वालसुम खाखा, कृषि विस्तारण अधिकारी, बेड़ो शाखा को भी कृषि क्षेत्र में सराहनीय निष्पादन करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू में गणतंत्र दिवस समारोह
Republic day celebrations at Head Office, Bengaluru

डिजिटल दादाजी

अमित शर्मा
अधिकारी
आर ए एच, जबलपुर

शरद ऋतु की एक सुबह दादाजी ने चाय के साथ अख़बार उठाया,
तभी उन्हें जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का बैंक का मेसेज आया।

बैंक की लंबी लाईन सोचकर दादाजी का मन घबराया,
जाना होगा बैंक अब तो पत्नी जी को यह बतलाया।

काश उन्हें भी मोबाइल या इंटरनेट बैंकिंग आती,
तो ऑटो करके बैंक जाने की ये नौबत ना आती।

रोज़ धोखाधड़ी वाली खबरें भी सुर्ख़ियों और मन पर भारी थी,
साथी सब हुए मॉर्डन अब शायद दादाजी की बारी थी।

बेटे, पोते और छोटों ने कई बार समझाया था,
कुछ महीनों पहले ही उन्हें स्मार्ट फ़ोन दिलवाया था।

दादाजी ने पोते से पूछा सुनो अब ये बतलाओ,
मोबाइल से बैंकिंग कैसे होगी ज़रा मुझे भी समझाओ।

पोता बोला इसमें क्या है, चार काम निपटाने होंगे
ई-मेल बनाओ, स्टोर चलाओ, डाउनलोड ऐप करो
और कुछ ओटीपी बतलाने होंगे।

दादाजी बोले वाह बेटे ये कोई भाजी तरकारी है,
जितना तुमको सरल लगता उतना मुझ पर भारी है।

चलो आपकी यह मुश्किल भी कुछ हल कर देता हूँ,
ई-मेल, ऐप स्टोर आपके मोबाइल पर अपडेट कर देता हूँ।

बाक़ी आप बैंक में समझना मुझे कहीं अब जाना है,
बैंक में जाके उन्हीं से पूछना, उन्हीं का काम यह समझाना है।

निश्चय किए हुए दादाजी अब बैंक में आते हैं,
संकोच मन में दादाजी के क्या बैंक वाले मोबाइल चलाना भी समझाते हैं।

एक अफ़सर की मेज़ पर जाकर बोले बेटा एक बात बताओ,
जीवन प्रमाण पत्र मोबाइल से कैसे होगा मुझको समझाओ।

दादाजी सोच रहे थे व्यस्त अफ़सर अब खीझेगा,
इतनी व्यस्तता में इनको कैसे समझाऊं ये सोचेगा।

लेकिन अफ़सर ने मुस्कराकर दादाजी को हैरान किया
जी सर अभी समझाता हूँ बोल कर सम्मान दिया।

कुछ काम सिमटा कर उसने दादाजी का फ़ोन लिया
ऐप डाउनलोड करके प्रोसेस उनको समझा दिया।

कुछ पुष्टि करके खाते की दादाजी को उसने समझाया
बहुत सरल है मोबाइल बैंकिंग ख़ुद चलवा कर उनको बतलाया।

एक दो बार ख़ुद चलाकर दादाजी भी समझ लेते हैं,
कुछ बातें वो याद रख कर अपनी डायरी में लिख लेते हैं।

हर जानकारी हाथों में, अब अपडेट उनका खाता जी,
सब सरल है मोबाइल से अब डिजिटल हुए हैं दादाजी।

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

तमिलनाडु : विभिन्न प्रकार के संस्कार और विश्वास

धीरज जुनेजा
अधिकारी
क्षेत्रीय कार्यालय, सूरत

भारतीय सभ्यता लगभग 4500 वर्ष पुरानी है, जिसमें लोगों का विश्वास, ज्ञान, संस्कार, परंपराएं, आदतें, खान–पान, आचार–विचार, भाषा, त्यौहार एवं कला का समावेश होता है। भारत के विभिन्न भागों में भिन्न–भिन्न प्रकार के विश्वास और संस्कार पाए जाते हैं। तमिलनाडु के बारे में सोचते ही, कावेरी नदी, आकाश को छूने वाले गोपुरों से युक्त मंदिर, फ़िल्टर कॉफी, इडली, मसाला दोसा, कांचीपुरम की रेशमी साड़ी आदि हमारे मानस पटल पर अनायास ही आते हैं।

तमिलनाडु में रहने वाले लोगों के विभिन्न प्रकार के विश्वास, संस्कार आदि के संबंध में जानने की कोशिश करेंगे तो हमें अनेक जानकारियां मिलेंगी। तमिलनाडु के लोग, पीढ़ी दर पीढ़ी से जो संस्कार आदि की रक्षा करते आ रहे हैं, उसके संबंध में, उनके पीछे रहने वाले विश्वास निम्न लिखित हैं :

1. कोलम : प्रतिदिन सवेरे घर की दहलीज़ में लगाए जाने वाले कोलम–कोलम शब्द के लिए कोश में अर्थ ढूँढने पर हमें रंगोली शब्द मिलेगा, लेकिन रंगोली, कोलम से थोड़ा भिन्न है। रंगोली में विभिन्न रंगवाले पाउडरों का प्रयोग होता है लेकिन कोलम मात्र सफ़ेद रेखाओं से बना है, कोलम लगाए जाने के निम्न उद्देश्य हैं :–

I) कोलम एक सकारात्मक अभिव्यक्ति है, अगर किसी के घर के द्वार पर 'कोलम' लगा है तो इसका मतलब है, हमारे घर में आप आ सकते हैं। अगर 'कोलम' नहीं है तो इसका मतलब है, हम आपका स्वागत करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन एक बात है। आजकल अनेक लोग फ्लैट्स में रहते हैं, जहां कोलम लगाने की सुविधा नहीं रहती है, फिर भी जो लोग पारंपरिक अनुष्ठानों के अनुपालन में विश्वास रखते हैं, कि अपने घर का द्वार छोटा सा ही सही, कोलम ज़रूर लगाते हैं।

II) पारंपरिक संस्कारों को मानने वाले लोग चावल कूटकर आटा बनाकर उससे कोलम लगाते हैं। उन लोगों का मानना है कि कोलम में जो चावल का आटा है, उसे चींटी जैसे छोटे–छोटे जीव खाते हैं।

III) मार्ग शीर्ष महीने के दौरान प्रातः काल, यानी 4.00 बजे से पहले ही उठकर कोलम लगाने की प्रथा है। इस महीने में तमिलनाडु के सभी मंदिर प्रात: काल 4.00 बजे ही खुल जाते हैं। ऐसा करने के लिए निम्नलिखित कारण बताए जाते हैं:

* वैज्ञानिक रूप में यह माना जाता है कि मार्गशीर्ष महीने के दौरान वातावरण के कारण 'ओज़ोन' (OZONE-O3) परत बहुत नीचे आ जाता है, तो इस महीने प्रातःकाल उठने से ओज़ोन परत का पूरा लाभ उठाया जा सकता है।

* पुराणों का विश्वास है कि मार्ग शीर्ष महीना, देवों के लिए प्रातः काल है, यानि मनुष्य का एक साल, देवों के लिए एक दिन है, तो मार्गशीर्ष महीना उनका प्रातः काल है। इसलिए यह विश्वास किया जाता है कि इस समय उठने से भगवान की अनुकम्पा मिलती है। तमिलनाडु के सभी मंदिरों में इस महीने के दौरान प्रातःकाल 4.00 बजे विशेष पूजाएं होती हैं।

2) विशेष पूजा के दिनों में आम के पत्तों से वंदनवार बनाकर अलंकृत करना: गणेश चतुर्थी, जन्माष्टमी, सरस्वती पूजा आदि दिनों में आम के पत्तों से वंदनवार बनाकर घर द्वार पर अलंकार करने की प्रथा है; कहीं–कहीं, सुपारी पत्तों से भी अलंकार करते हैं। विश्वास है कि आम के पत्तों में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने की ताकत है, जो घर में आते हैं, उनके मन में सकारात्मक भावना पैदा करने के उद्देश्य से ऐसा किया जाता है।

3) शादी आदि में केले के पत्ते में खाना परोसना : दक्षिण के

लगभग चारों राज्यों में केले के पत्तों में खाना परोसने की प्रथा है; इसके प्रमुख कारण हैं –इन चारों राज्यों में केले के पेड़ बहुत हैं।

4) **अगर घर में किसी को चेचक या संक्रामक रोग है तो घर के द्वार पर नीम के पत्तों को लटकाने की प्रथा है:** इसके दो कारण हैं – (1) नीम के पत्तों को देखकर लोग समझ लेंगे कि अमुक घर में किसी को संक्रामक रोग है और वे घर के अंदर नहीं आएंगे। (2) इसका वैज्ञानिक कारण है – नीम एक कीटनाशक और प्रभावी 'एंटिबायोटिक' भी है।

5) **नींबू :** नींबू फल का प्रयोग पूजा में अधिक होता है। नींबू को काटकर उसमें तेल डालकर, दीप जलाने की प्रथा तमिलनाडु में अधिक है। यही नहीं, किसी बड़े व्यक्ति से मिलने जाते हैं तो उनको देखते ही, उनके हाथ में नींबू फल देने की प्रथा भी यहाँ अधिक है। इसके अनेक वैज्ञानिक कारण हैं : हम सबको मालूम है कि नींबू में 'सी' विटामिन अधिक मात्रा में है, लेकिन शायद हमें यह मालूम नहीं कि, नींबू रस की अपेक्षा नींबू के छिलके में 'सी' विटामिन और अधिक है। विशेषकर, मंदिर आदि जगहों पर अनेक प्रकार के लोग आते हैं, ऐसे जगहों पर नींबू के छिलके में दीप जलाने पर सबको सुरक्षा मिलती है। हाल ही में अमेरिकी विश्वविद्यालय ने यह खोज की है कि कैंसर के विषाणुओं को मारने की ताकत नींबू के छिलके में है। नींबू के छिलके में, कीमोथेरपी (chemotherapy) से भी 1000 गुने अधिक कैंसर को मिटाने की क्षमता है और कीमोथेरपी के कोई भी नकारात्मक पार्श्व प्रभाव इसमें नहीं हैं।

और एक बात है–तमिलनाडु में चेचक आने पर, किसी डॉक्टर के पास नहीं जाते हैं। क्योंकि चेचक को देवी माता मानने की प्रथा यहाँ है। घर में अगर किसी को चेचक है तो घर का कोई 'देवी माता' के मंदिर आकर, मंदिर से, पूजा में प्रयोग किए गए पानी को ले जाकर, चेचक ग्रसित व्यक्ति को पिलाते हैं। इस प्रकार आनेवाले लोग अक्सर चेचक विषाणु वाहक रहते हैं। उनके माध्यम से अन्य लोगों को चेचक का वाइरस फैल सकता है। इसे सुरक्षित करने के लिए, सामान्यतः देवी माता के मंदिरों के प्रवेश द्वार पर एक दो नींबू रखने की प्रथा है। यही नहीं, देवी माता को नींबू से बनी माला अर्पित करने की भी प्रथा है और भक्त लोगों को एक–एक नींबू भी प्रसाद के रूप में दिया जाता है। यह प्रथा केरल, आंध्रा और कर्नाटक में भी है।

6) **मंदिरों में नमक एवं काली मिर्च समर्पित करने की प्रथा :** यदि हम दक्षिण के शैव मंदिरों एवं देवी मंदिरों में जाएँगे तो वहाँ एक दृश्य सामान्य रूप में मिलेगा। इन मंदिरों में एक स्थान में, बहुधा नवग्रह मंडप के पास, या प्रवेश पर सब लोग नमक (सेंधा नमक) और काली मिर्च डालते हैं। कुछ मंदिरों में खासकर कुंबकोणम में रहने वाले नवग्रह मंदिरों में आनेवाले भक्तलोग एक दो काली मिर्च और सेंधा नमक लेकर खाते भी हैं। इसके पीछे ये बात है: तमिलनाडु के गावों में एक कहावत है– अपने जेब में थोड़ा काली मिर्च रख लेंगे तो, विरोधी के घर में भी खाने के लिए जा सकते हैं, जंगल में भी घूम सकते हैं अर्थात काली मिर्च में उस घर के किसी भी प्रकार के विष को तोड़ने की ताकत है। किसी विषैले कीड़े आदि के काटने से, विष रक्त में जाकर घुल जाता है, रक्त से विष को अलग करके बाहर लाने में काली मिर्च अत्यंत असरदार है। इसी प्रकार पानी में रहने वाली कृमियों से लड़ने की ताकत सेंधे नमक में है। आपको यह मालूम होगा की गले में संदूषण (throat infection) हो गया तो हम नमक मिश्रित पानी से कुल्ला करते हैं। सेंधा नमक से कुल्ला करते हैं तो अधिक असर होता है। यात्रा करते समय हम विभिन्न जगह के पानी पीते हैं और हमारा गला संदूषित होने की अधिक संभावना होती है। इसलिए अनेक मंदिरों में प्रवेश द्वार पर या किसी प्रमुख स्थान पर नमक डालकर रखते हैं। यह वातावरण में रहने वाले संदुषण करने वाले प्रभाव को कम करता है।

7) **देवी मंदिरों में और बड़े–बड़े जमींदारों के घर के पीछे सांप के लिए पुट्ठा रखना:** तमिलनाडु के अनेक देवी मंदिरों के पीछे बड़े–बड़े नीम, पीपल आदि पेड़ रहते हैं। इन पेड़ के नीचे सांप के पुट्टे रहते हैं । कुछ लोग पुट्टे में दूध, अंडे आदि चढ़ाते भी हैं। इस का कारण क्या है? एक तो यह है कि, ये लोग सांप को देव मानते हैं, इसलिए पूजा करते हैं और दूसरा कारण इस प्रकार है – सांप से लोग डरते हैं, जबकि सांप हमारे लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेत के फसल में जब दाने आने लगते हैं, तब उन को

खाने के लिए बहुत सारे चूहे आते हैं। ये सांप इन चूहों को खाकर दानों की रक्षा करते हैं। और हमारे पूर्वज इस बात पर ध्यान देते आए हैं कि सांप भौगोलिक चक्र की एक कड़ी है – वनों को काटकर जब नगर बनाने की प्रक्रिया हो रही थी, तो जंगल एवं वनों में रहने वाले सांप विमुख होकर मनुष्यों के स्थान में आने लगे। इस स्थिति से बचने के लिए, जहां–जहां सांप के पट्टे थे, उनको वैसे ही रख दिया गया। उनके पास के पेड़ को भी ऐसे ही छोड़ दिया गया, आनेवाली पीढ़ी भी इसकी रक्षा करें, इसे ध्यान में रखते हुए, सांप के पुट्टे की रक्षा को एक धार्मिक विश्वास के साथ जोड़ दिया गया। इसलिए आज भी सांप के पुट्टों में दूध एवं अंडे का नैवेद्य चढ़ाने की प्रथा है।

8) **विभिन्न प्रकार के पत्तों को धार्मिक क्रियाओं के साथ संबंध बनाना:** नीम के पत्ते, तुलसी के पत्ते, विल्व के पत्ते, दूब आदि को पूजा में एवं अनेक धार्मिक संस्कारों में शामिल किया गया है। इन पत्तों में अनेक रोग निवारक क्षमताएं हैं। तुलसी के पत्ते कफ, फेफड़े संबंधी रोग आदि के लिए उत्तम निदान है। प्रति–दिन एक विल्व पत्र का सेवन करने से हृदय रोग से आराम मिलता है। दूब का रस मधुमेह, हृदय रोग तथा नसों के लिए उत्तम उपचार है। इन पत्तों को विभिन्न पूजा विधियों में शामिल करके समाज में इनके लिए महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इस कारण से सब लोग इन पौधों की सुरक्षा करते हैं और इन्हें काटने और नष्ट करने से हिचकते हैं।

9) **दक्षिण दिशा की तरफ घर के द्वार का निर्माण करना :** तमिलनाडु में लोग बहुधा अपने घर का द्वार दक्षिण दिशा की तरफ ही निर्मित करना चाहते हैं। इसका प्रमुख कारण है–तमिलनाडु के दक्षिण में समुद्र है, और दक्षिण की ओर से आनेवाली हवा ठंडी रहती है।

10) **चंद्रग्रहण एवं सुर्यग्रहण के समय व्रत रखना :** तमिलनाडु तथा अन्य दक्षिणी प्रदेशों में सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण के समय खाली पेट रहने की प्रथा है; यानी चन्द्र ग्रहण या सूर्यग्रहण शुरू होने से 5 घंटे पहले ही खाना पीना आदि सभी पूरा कर लेते हैं। जब ग्रहण शुरू होता है, तब पेट खाली रहता है। वैज्ञानिक कारण यह बताया जाता है कि ग्रहण के समय पेट में पाचन शक्ति कम रहती है और इसलिए उस समय पेट को खाली रखना है।

समाहार : हर प्रदेश में विभिन्न प्रकार के विश्वास, संस्कार एवं अनुष्ठानों का अनुपालन होता है। हर विश्वास, हर संस्कार के पीछे कारण हैं, इन बातों को जानना बहुत आवश्यक है।

*****



केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

FUN CORNER

--------- BRAIN-STORM ----------

How many words of four or more letters can you make from the letters shown?
Every word must contain the central letter. There should be one seven-letter word.



---------- RIDDLE- RIDDLE ----------

When you curtail a word, you remove the last letter and still have a valid word. You will be given clues for the two words, longer word first.

See example to help you solve the riddle.

Low-lying wetland -> A Planet

Ans: Marsh -> Mars

Here you go!

1. 12 in number -> to sleep lightly
2. Completely level or flat -> an intention or decision about what one is going to do
3. To direct one's mind towards someone or something -> with little thickness or depth

---------- UNSCRAMBLE ----------

1. T L E I A R

2. A M G G R O E T

3. H I E V E C L

4. U S E O H

Answers

Brain-Storm
THUNDER, Under, Rude, Hurt, Turn, Herd, Rend, True, Nerd, Rent

Riddle-Riddle
1. Dozen – Doze 2. Plane – Plan
3. Think – Thin

Unscramble
1. RETAIL 2. MORTGAGE
3. VEHICLE 4. HOUSE

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

भारत का अनोखा राज्य – तमिलनाडु

डॉ हरि हरन एस
वरि. प्रबंधक (राभा)
क्षेत्रीय कार्यालय, कोयंबत्तूर–।

भारत एक विविधताओं वाला देश है, यहाँ विभिन्न धर्म, जाति और संप्रदाय के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं। यहाँ हर क्षेत्र, हर प्रान्त और हर राज्य का अपना संप्रदाय, संस्कृति, भाषा है। हर राज्य दूसरे राज्य से भिन्न है। परस्पर भिन्न होने के बावजूद इन सभी संप्रदायों, संस्कृतियों तथा धर्मों का आधार एक है। यही आधार देश और उसके देशवासियों को जोड़ता है।

इसी विविधता की एक कड़ी है भारत देश का दक्षिणतम राज्य तमिलनाडु। तमिल नाडु भारत का सबसे बड़ा दक्षिणी राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से दसवां सबसे बड़ा भारतीय राज्य और जनसंख्या के हिसाब से छठा सबसे बड़ा राज्य, तमिल नाडु शब्द का शाब्दिक अर्थ 'तमिल लोगों का घर है'।

तमिल भाषा और तमिल प्रजाति दुनिया में सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाली प्रजातियों में से एक है। इस राज्य की राजधानी देश के प्रमुख महानगरों में से एक चेन्नई है।

भारतीय प्रायद्वीप के दक्षिण–पूर्वी तट पर स्थित, तमिलनाडु पश्चिम में पश्चिमी घाट और दक्कन के पठार, उत्तर में पूर्वी घाट, पूर्व में बंगाल की खाड़ी से लगे पूर्वी तटीय मैदान और खाड़ी से फैला हुआ है। दक्षिण–पूर्व में मन्नार और पाक जलडमरू मध्य, प्रायद्वीप के दक्षिणी अंतर में लक्षद्वीप सागर, कावेरी नदी राज्य को दो भागों में विभाजित करती है। राजनीतिक रूप से, तमिलनाडु भारतीय राज्यों केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी से घिरा है और पंबन द्वीप पर श्रीलंका के उत्तरी प्रांत के साथ एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा भी साझा करता है।

जैसे कहा गया है तमिल प्रजाति दुनिया में सबसे लंबे समय से सतत् जीवित रहने वाली प्रजातियों में से एक है। पुरातात्विक साक्ष्य भी इस बात के सबूत हैं। तमिल प्रजाति 400 सहस्राब्दियों से भी अधिक समय से अपना अस्तित्व बनाकर रखने में सफल रही है और इसका 5,500 वर्षों से अधिक का निरंतर सांस्कृतिक इतिहास है।

तमिल इतिहास :

ऐतिहासिक रूप से, तमिल क्षेत्र तमिल भाषी द्रविड़ लोगों द्वारा बसाया गया और सदियों से कई शासनों द्वारा शासित किया गया क्षेत्र है। जिसमें प्रमुख थे चेर, चोल, पांड्य तथा पल्लव। बाद में यह क्षेत्र विजयनगर के शासकों के अधीन (14वीं–17वीं शताब्दी ई.पू.) भी रहा। यहाँ यूरोपीय उपनिवेशीकरण की शुरुआत 17वीं शताब्दी में व्यापार के लिए बंदरगाहों की स्थापना के साथ हुई, 1947 में भारतीय स्वतंत्रता से पहले दो शताब्दियों तक अंग्रेजों ने मद्रास प्रेसीडेंसी के नाम से इस क्षेत्र पर नियंत्रण किया।

स्वतंत्रता के बाद, यह क्षेत्र भारत गणराज्य का मद्रास राज्य बन गया और 1956 में जब राज्यों को भाषाई रूप से वर्तमान स्वरूप में पुनः रेखांकित किया गया तो इसे तमिल राज्य का दर्जा दिया गया। 1969 में राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु कर दिया गया, जिसका अर्थ पूर्व कथित है।

तमिल भाषा और ऋषि अगस्त्य :

यह माना जाता है कि तमिल भाषा का प्रारंभ ऋषि अगस्त्य से हुआ। उन्हें यह ज्ञान भगवान शिव से प्राप्त हुआ। यह माना जाता है कि प्रारंभिक तमिल साहित्य की रचना तीन क्रमिक काव्य सभाओं में की गई, जिन्हें तमिल संगम के नाम से

जाना जाता है, जिनमें से सबसे प्रारंभिक, प्राचीन परंपरा के अनुसार, भारत के दक्षिण में अब लुप्त हो चुके महाद्वीप पर आयोजित की गई थी। इसमें सबसे पुराना व्याकरणिक ग्रंथ, थोलकप्पियम, और महाकाव्य सिलप्पातिकारम और मणिमेकलाई शामिल हैं। यह माना जाता है कि प्रथम संगम सभा ऋषि अगस्त्य के संयोजन से संपन्न हुई।

तमिलनाडु की वर्तमान स्थिति :

भारत के सबसे शहरीकृत राज्य के रूप में, तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 23.65 लाख करोड़ है, जो इसे भारत के 28 राज्यों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाती है। प्रति व्यक्ति जीएसडीपी ₹275,583 के साथ यह देश का 9वां उच्चतम राज्य है और मानव विकास सूचकांक में 11वें स्थान पर है। तमिलनाडु सबसे अधिक औद्योगिकीकृत राज्यों में से एक है, जहां विनिर्माण क्षेत्र का राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग एक–तिहाई योगदान है।

तमिलनाडु राज्य की भौगोलिक विशेषता :

अपनी विविध संस्कृति और वास्तुकला, लंबी तटरेखा, जंगलों और पहाड़ों के साथ, तमिलनाडु कई प्राचीन अवशेषों, ऐतिहासिक इमारतों, धार्मिक स्थलों, समुद्र तटों, हिल स्टेशनों, किलों, झरनों और राज्य के पर्यटन उद्योग के साथ चार विश्व धरोहर स्थलों का घर है। यहाँ 22,643 किमी (8,743 वर्ग मील) क्षेत्र में वन हैं, जो भौगोलिक क्षेत्र का 17.4% है, जिसमें से संरक्षित क्षेत्र 3,305 किमी (1,276 वर्ग मील) क्षेत्र को कवर करते हैं, जो राज्य के वन क्षेत्र का लगभग 15% है बायोस्फीयर रिज़र्व, मैंग्रोव वन, पांच राष्ट्रीय उद्यान, 18 वन्यजीव अभ्यारण्य और 17 पक्षी अभ्यारण्य शामिल हैं।

वनस्पति और जीव :

तमिलनाडु में एशियाई हाथियों की सबसे बड़ी आबादी है। तमिलनाडु में विभिन्न जलवायु और भूगोल के कारण पौधों और जानवरों की व्यापक विविधता है। पर्णपाती वन पश्चिमी घाट के किनारे पाए जाते हैं जबकि उष्ण कटिबंधीय शुष्क वन और झाड़ियाँ आंतरिक भाग में आम हैं। दक्षिणी पश्चिमी घाट में ऊंचाई पर स्थित वर्षा वन हैं जिन्हें दक्षिण पश्चिमी घाट पर्वतीय वर्षा वन कहा जाता है। पश्चिमी घाट दुनिया के आठ सबसे गर्म जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में से एक है। वन्यजीवों की लगभग 2,000 प्रजातियाँ हैं जो तमिलनाडु की मूल निवासी हैं, एंजियोस्पर्म की 5640 प्रजातियाँ (औषधीय पौधों की 1,559 प्रजातियाँ, 533 स्थानिक प्रजातियाँ, खेती वाले पौधों के जंगली प्रजातियों की 260 प्रजातियाँ, 230 लाल–सूचीबद्ध प्रजातियाँ), जिम्नोस्पर्म की 64 प्रजातियाँ हैं (चार स्वदेशी प्रजातियों और 60 प्रचलित प्रजातियों सहित) और ब्रायोफाइट्स, लाइकेन, कवक, शैवाल और बैक्टीरिया के अलावा टेरिडोफाइट्स की 184 प्रजातियां। सामान्य पौधों की 119 प्रजातियों में राज्य वृक्ष शामिल हैं: पाल्मिरा पाम, यूकेलिप्टस, रबर, सिनकोना, गुच्छेदार बांस (बम्बुसा अरुंडिनेशिया), सामान्य सागौन, एनोजीसस लैटिफोलिया, इंडियन लॉरेल, ग्रेविया, और इंडियन लैबर्नम, अर्डिसिया और सोलानेसी जैसे फूल वाले पेड़। दुर्लभ और अनूठे पौधों में कॉम्ब्रेटम ओवलिफोलियम, आबनूस (डायस्पायरोस नीलग्रिका), हेबेनारिया रारिफ्लोरा (आर्किड), अलसोफिला, इम्पेतिन्स एलिगेंस, रानुनकुलस रेनिफोर्मिस और रॉयल फर्न शामिल हैं।

नीलगिरि तहर, एक लुप्तप्राय जानवर जो केवल नीलगिरि पर्वत में पाया जाता है, यह राज्य का राज्य पशु है। तमिलनाडु के महत्वपूर्ण पारिस्थितिक क्षेत्र नीलगिरि पहाड़ियों में नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व, अगस्त्य माला–इलायची पहाड़ियों में अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व और मन्नार की खाड़ी प्रवाल भित्तियाँ हैं। मन्नार बायोस्फीयर रिज़र्व की खाड़ी समुद्र, द्वीपों और प्रवाल भित्तियों, नमक दलदल और मैंग्रोव सहित आसपास के समुद्र तट के 10,500 किमी (4,100 वर्ग मील) के क्षेत्र को कवर करती है। यह डॉल्फ़िन, डुगोंग, व्हेल और समुद्री खीरे सहित लुप्तप्राय जलीय प्रजातियों का घर है। थट्टेकड़, कदलुंडी, वेदांथंगल, रंगनाथिटु, कुमारकोम, नीलापट्टू और पुलिकट सहित पक्षी अभ्यारण्य कई प्रवासी और स्थानीय पक्षियों का घर हैं।

मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान में बंगाल टाइगर भी है। यह दक्षिण भारत का पहला आधुनिक वन्यजीव संरक्षणालय है। मुदुमलाई का संरक्षित क्षेत्र 3,305 किमी (1,276 वर्ग मील) है, जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 2.54% और 22,643 किमी (8,743 वर्ग मील) है, जो वन क्षेत्र का 15% है। मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान 1940 में स्थापित किया गया था और यह दक्षिण भारत का पहला आधुनिक वन्यजीव अभ्यारण्य है। संरक्षित क्षेत्रों का प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय और तमिलनाडु वन विभाग द्वारा किया जाता है।

पिचावरम एक छोटा सा द्वीप है जो उत्तर में वेल्लार मुहाना और दक्षिण में कोलेरून मुहाना के बीच मैंग्रोव वनों के बीच फैला हुआ है। पिचावरम मैंग्रोव वन भारत के सबसे बड़े मैंग्रोव वनों में से एक है, जो 45 किमी (17 वर्ग मील) में फैला है और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण सीपियों, मछलियों और प्रवासी पक्षियों की दुर्लभ किस्मों के अस्तित्व का साक्ष्य है।

राज्य में 307.84 किमी (118.86 वर्ग मील) क्षेत्र में पांच राष्ट्रीय उद्यान हैं – अनामलाई, मुदुमलाई, मुकुर्थी, मन्नार की खाड़ी (एक समुद्री राष्ट्रीय उद्यान) और गुइंडी, चेन्नई के भीतर एक शहरी राष्ट्रीय उद्यान।

तमिलनाडु के प्रमुख शहर :

चेन्नई तमिलनाडु की राजधानी है जो 8.6 मिलियन से अधिक निवासियों के साथ राज्य में सबसे अधिक आबादी वाला शहरी समूह है, इसके बाद क्रमशः कोयंबटूर, मदुरै, तिरुचिरापल्ली और तिरुप्पुर हैं।

तमिलनाडु राज्य की विशेषताएं :

संस्कृति और विरासत : वस्त्र – कांचीपुरम रेशम साड़ियाँ विशेष अवसरों पर महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली पोषाक हैं। कांचीपुरम व कांजीवरम साड़ियाँ दुनिया में काफी प्रसिद्ध हैं। कांचीपुरम साड़ी एक प्रकार की रेशम साड़ी है जो तमिलनाडु के कांचीपुरम क्षेत्र में बनाई जाती है और इन साड़ियों को दक्षिण भारत में ज्यादातर महिलाएं विवाह और अन्य विशेष अवसर पर पहनती हैं। कोवई कोरा कॉटन एक प्रकार की सूती साड़ी है जो कोयंबटूर में बनाई जाती है। न केवल महिलाओं के पहने जाने वाले अपितु पुरुषों द्वारा पहने जाने वाले वेस्टी (जिसे उत्तर भारत में लुंगी कहा जाता है) के लिए तमिलनाडु राज्य विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

भोजन – केले के पत्ते पर परोसा जाने वाला पारंपरिक भोजन यहाँ की पहचान है। तमिल पारंपरिक भोजन के हिस्से हैं, सांबर, रसम और पोरियाल । तमिलनाडु राज्य से बाहर जा कर इन व्यंजनों ने देश भर में विभिन्न रूप अपना लिया है। तमिल व्यंजनों में नारियल और मसालों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

तमिलनाडु राज्य के नीलगिरि पर्वत प्रांत इन खाद्य मसालों तथा काजू, पिस्ता, किशमिश जैसे ड्राइफ्रूट के उत्पादन के लिए काफी प्रसिद्ध है। नीलगिरि चाय का दुनिया में अनुपम स्थान है।

तमिलनाडु में भोजन करने का पारंपरिक तरीका देश में अनुपम है। यहाँ खाना फर्श पर बैठ कर केले के पत्ते में खाया जाता है। बिना चम्मच के हाथ से खाने की प्रथा दक्षिण भारत में ही मिलती है। केले के पत्तों पर खाना हजारों साल पुराना रिवाज़ है, यह भोजन को एक अनोखा स्वाद देता है और इसे स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है।

इडली, दोसा, उथप्पम, पोंगल और पनियारम तमिलनाडु में लोकप्रिय व्यंजन हैं, जो अब भारत भर में उपलब्ध हैं।

वास्तुकला :

विशाल गोपुरम द्रविड़ वास्तुकला की पहचान है – द्रविड़ वास्तुकला तमिल नाडु में रॉक वास्तुकला की विशिष्ट शैली है। यहाँ के मंदिर पांच या सात प्रांगण वाले होते हैं। जिसके मध्य गर्भ गृह में भगवान की स्थापना होती है। एक ओर श्रीरंगम के रंगनाथ स्वामी मंदिर अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है तो दूसरी ओर रामेश्वरम के रामनाथ स्वामी मंदिर अपनी एक समान बाहरी मंडपों के लिए प्रसिद्ध है। श्रीविल्लीपुत्तूर मंदिर का शिखर अपनी सुंदरता के लिए

प्रसिद्ध है। यहाँ का शिखर तमिलनाडु राज्य सरकार के राज्य चिह्न (एंबलम) के रूप में भी स्वीकृत है। कांचीपुरम और महाबलिपुरम द्रविड़ वास्तुकला का अप्रतिम उदाहरण है।

कला :

भरतनाट्यम एक शास्त्रीय नृत्य शैली है जिसकी उत्पत्ति तमिलनाडु में हुई और यह भारत के सबसे पुराने नृत्यों में से एक है। तमिलनाडु भारत में संगीत, कला और नृत्य का एक प्रमुख केंद्र है। चेन्नई को दक्षिण भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहा जाता है। अन्य क्षेत्रीय लोक नृत्यों में कराकट्टम, कावड़ी, केरल नाटनम, कूडियाट्टम, ओयिलट्टम और पुरवैअट्टम शामिल हैं। तमिलनाडु के पारंपरिक संगीत को कर्नाटक संगीत के रूप में जाना जाता है, जिसमें मुथुस्वामी दीक्षितार जैसे संगीतकारों द्वारा लयबद्ध और संरचित संगीत शामिल है। नादस्वरम, एक ईख वाद्ययंत्र जिसके साथ अक्सर थाविल भी बजाया जाता है, एक प्रकार का ड्रम वाद्ययंत्र मंदिरों और शादियों में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख संगीत वाद्ययंत्र हैं। मेलम प्राचीन तमिलकम के मद्दलम और अन्य समान ताल वाद्ययंत्रों का एक समूह है जो विशेष आयोजनों के दौरान बजाया जाता है।

त्यौहार :

तमिलनाडु में दिवाली, दशहरा जैसे राष्ट्रीय त्यौहारों के साथ-साथ पोंगल, तै-पूसम जैसे प्रजातीय व पारंपरिक त्यौहार भी मनाए जाते हैं।

पोंगल – पोंगल तमिलों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख और बहु-दिवसीय फसल उत्सव है। यह तमिल कैलेंडर के अनुसार थाई महीने में मनाया जाता है और आमतौर पर 14 या 15 जनवरी को पड़ता है। यह सूर्य देव को समर्पित है और इस त्यौहार का नाम औपचारिक "पोंगल" के नाम पर रखा गया है, जिसका अर्थ है "उबालना, उमड़ना" और यह चावल की नई फसल से तैयार पारंपरिक व्यंजन को संदर्भित करता है जिसे दूध में उबालकर गुड़ के साथ परोसा जाता है। पोंगल के अगले दो दिन कनु तथा माट्टू पोंगल भी मनाया जाता है इस त्यौहार में पितरों, पशु-पक्षियों तथा कृषि के लिए उपयोग किए जाने वाले जानवरों को विशेष रूप से पूजा जाता है।

क्रीडा :

कबड्डी तमिलनाडु का राज्य खेल है। कबड्डी एक संपर्क खेल है। कबड्डी के अलावा शतरंज यहाँ का एक लोकप्रिय खेल है, जिसकी उत्पत्ति सातवीं शताब्दी में सथुरंगम के रूप में हुई थी। चेन्नई को अक्सर "भारत की शतरंज राजधानी" कहा जाता है।

शतरंज के अलावा पल्लंगुझी, उरियादी, गिल्लिडांडा, धायम जैसे पारंपरिक खेल भी यहाँ खेले जाते हैं। गट्टा गुस्ति एवं अडिमुरै पारंपरिक खेल हैं जिन्हें यहाँ का मार्शियल आर्ट्स का दर्जा प्राप्त है। जल्लीकट्टू तथा रेक्ला ऐसे पारंपरिक खेल हैं जिनमें बैल को शामिल किया जाता है।

पर्यटन एवं मनोरंजन :

तमिलनाडु की नीलगिरि पहाड़ियाँ और यहाँ के नीलगिरि माउंटेन रेलवे घोषित विश्व धरोहर स्थल हैं।

अपनी विविध संस्कृति और वास्तुकला और विविध भौगोलिकताओं के साथ, तमिलनाडु में एक मजबूत पर्यटन उद्योग है। हर साल यहाँ के प्रमुख मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों, समुद्र तटों व पहाड़ी इलाकों को देखने के लिए लाखों की संख्या में लोग आते हैं।

महाबलिपुरम, कांचीपुरम, रामेश्वरम, श्रीरंगम, चेन्नई, तिरुच्चि, मदुरै, कन्याकुमारी, नीलगिरी, ऊटी, कोडैक्कानाल, येरकाड, होगेनक्कल झरनें आदि पर्यटकों के पसंदीदा स्थल हैं।

निष्कर्ष : अपनी वैविध्यपूर्ण संस्कृति, सभ्यता, भाषा, आचार, व्यवहार के साथ तमिलनाडु भारत की विविधता में एकता का प्रमुख जैविक उदाहरण है।

*****

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
सिंडिकेट Syndicate



Refer to "drawer" by:
K P Ramesh Rao

Oh Rain! How beautiful you look

Pradeep Tandon
Ex Staff
Canara Bank

Oh Rain! how beautiful you look; When you come with the breeze and fall.
On swaths of green paddy, as far as the eyes could see.
They sway in unison to unfold – a sprightly dance to behold –
so breath-taking, oh dear me.
Drops on leaves; like pearls sparkle.
Give heart a boundless glee.

Oh Rain! how beautiful you look; when streaming through the clouds you fall!
Where myriad sunflowers swag, sway, and blush.
Harbouring any crush on them, the very thought you must flush.
They sway, swag, and twirl for the Sun, their lover.
With clouds; you flirt and tease them; when Sun; clouds softly cover.

Oh Rain! how beautiful you look; when you drizzle – is a lyrical enthral.
On ponds on a starry night,
When wandering grey clouds haze the shimmer of the moon to my utter delight.
The drizzle ruffles in the pond – stars and moon – their shimmering reflection.
It swirls and sways in rippling water; dancing to your orchestral perfection.

Oh Rain! how beautiful you look; torrentially when you fall.
Fountains brim to come alive and cascade; to make a gurgling fall.
Reverberating the valley with an echoing call.
Hovering birds, returning maiden, and echoing fountains – weave a symphony, evoking no discord.
As the maestro had stirred his melodious chord.

Oh Rain! how beautiful you look; cascading through Sunshine, and mist when you fall.
An emperor regales; to witness from his mansion on the hilltop; to behold
Sunshine; when it falls on the cascading rain; sparkles like gold.
Gargling water; meandering down the mountain; making a deafening roar.
Birds flying in the rising mist; echoing of their chirping; in the valley galore.

Oh Rain! you may not look beautiful; in downpours; when you fall.
When you make way to the house of a poor man; through his creaking roof.
No means left from misery, to make it rainproof.
To a homeless, more shabbily you treat.
They plead for your hasty retreat.

Oh Rain! How beautiful you look; but life lessons you impart when you fall!
You put a price for enjoyment; if I recall.
Those who soar above the storm; get your blessings
Stragglers must strive to soar; you are always impressing.

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ ಸಿಂಡಿಕೇಟ Syndicate

Recent Trends in Industrial Production in India

Dr Rashmi Tripathi
DGM
Economist, S&R Wing
HO, Bengaluru

Executive Summary

- Growth of industrial production has remained resilient in the last two years, supported by Government's focus on capex and robust domestic demand conditions, despite significant global headwinds.
- Growth of industrial production accelerated to 6.1% y-o-y during Apr-Dec'23 as compared to 5.5% in the corresponding period of the previous fiscal.
- This growth was led by the manufacturing sector, which grew by 5.6% y-o-y followed by mining sector with 8.5% y-o-y growth during the period Apr-Dec'23. However, growth momentum in electricity generation moderated to 7.0% y-o-y during the same period.
- Within the manufacturing sector, positive growth was observed in 13 segments out of 23 segments during Apr-Dec'23 led by 'basic metals' (12.4%), 'motor vehicles', 'trailers and semi-trailers' (11.0%), 'Pharmaceuticals, medicinal chemical and botanical products' (10.0%) and 'machinery & equipment' (7.7%) and electrical equipment (6.6%). Contraction is particularly observed in the export-intensive sectors such as wearing apparel, leather & related products with muted growth in textiles, indicating impact of slowdown in the global economy and disruption in the Red sea trade route.
- Under use based classification, the sharpest upturn is observed in production of consumer non-durable goods, which grew by 5.2% y-o-y and infrastructure/construction goods, which grew by 10.4% y-o-y during the period Apr-Dec'23.
- Going forward, industrial production is expected to remain supported by sustained pick up in economic activity in the domestic economy with continued policy support from the Government. However, uncertainty from the global growth front amid continued conflict in the middle-east and the Red sea area pose risk from the external demand front.

The recent data imprint for industrial production growth as indicated by Index of Industrial Production (IIP) has shown uptick to 3.8% y-o-y in Dec'23 from 2.4% y-o-y in Nov'23.

While this bodes well for the Indian economy, the outlook going forward has to be carefully drawn by observing movements in the sub segments of index of industrial production. With this view, this article attempts to analyse the trend of industrial production along with the sub-segments, as detailed in the following paragraphs.



The growth trend of industrial production, as indicated by Index of Industrial Production (IIP) has remained resilient in the last two years, supported by Government focus on capex and robust domestic demand conditions, despite significant global headwinds. Growth of industrial production accelerated to 6.1% y-o-y during the nine-month period of Apr-Dec'23 as compared to 5.5% in the corresponding period of the previous fiscal. This growth was led by manufacturing sector (weight 77.6%) growing by 5.6% y-o-y followed by mining sector (weight 14.4%) with 8.5% y-o-y growth. However, moderation in growth momentum was observed in electricity generation to 7.0% y-o-y in Apr-Dec'23.



Note: The above are top 10 manufacturing segments comprise of about 63% weight of total manufacturing sector.

Within the manufacturing sector, positive growth was observed in 13 segments out of 23 segments during Apr-Dec'23 led by 'basic metals' (12.4%), 'motor vehicles', 'trailers and semi-trailers' (11.0%), 'Pharmaceuticals, medicinal chemical and botanical products' (10.0%) and 'machinery & equipment' (7.7%) and electrical equipment (6.6%). Contraction is particularly observed in the export-intensive sectors such as wearing apparel, leather & related products with muted growth in textiles, indicating impact of slowdown in the global economy and disruptions in the Red sea trade route.

Under use based classification, the sharpest upturn is observed in production of consumer non-durable goods (5.2% in Apr'23-Dec'23 from contraction of -1% in Apr'22-Dec'22) and infrastructure/construction goods (10.4% in Apr'23-Dec'23 from 8.2% in Apr'22-Dec'22). Whereas moderation in growth momentum is observed in production of primary goods, capital goods and consumer durables.



Going forward, industrial production is expected to remain supported by sustained pick-up in economic activity in the domestic economy with continued policy support from the Government. However, uncertainty from the global growth front amid continued conflict in the middle-east and the Red sea area pose risk from the external demand front.

Views/opinions expressed in this research publication are views of the research team and not necessarily that of Canara Bank or its subsidiaries. The publication is based on information & data from different sources. The Bank or the research team assumes no liability if any person or entity relies on views, opinion or facts and figures finding in this project.

"Productivity is never an accident. It is always the result of a commitment to excellence, intelligent planning, and focused effort"

– Paul J. Meyer

New Element in the growth of Retail Lending Industry

Suraj Sharma
Manager
Retail Assets Wing
Head Office, Bengaluru

1. **Digital Transformation:** The adoption of data analytics, Artificial Intelligence (AI), and Machine Learning (ML) has enabled lenders to expand their channels through various forms of online lending, including mobile applications and checkout financing. According to EY, digital lending experienced a remarkable 12-fold increase between 2017 and 2020. As of 2022, digital channels accounted for approximately 12% of the total lending volume.

2. **New Partnerships:** Banks and Non-Banking Financial Companies (NBFCs) have been partnering with fintech companies to offer customers cutting-edge credit products and distinctive disbursement channels. According to the FinTech Lending Trends report published by FACE-Equifax, the first half of the fiscal year 2022-23 witnessed FinTech disbursements amounting to ₹28,247 crore.

3. **New Borrower Cohorts:** According to CIBIL's credit market indicator report (October 2023), individuals between the ages of 26 and 35 have consistently been the primary drivers of loan demand over the past three years. This age group accounts for an impressive 40-41% of total loan inquiries, indicating their significant contribution to the lending market. Furthermore, individuals aged 36-45 make up a substantial 23-25% of inquiries, demonstrating their relevance as well. These age groups are generally characterized by their tech-savviness and reduced credit aversion compared to older generations. Additionally, the utilization of big data analytics enables banks to effectively identify emerging customer segments and cater to their specific and tailored financial needs.

4. **Rise of Embedded Finance:** Embedded finance enables lenders to extend credit to customers through non-traditional channels. By integrating lending services into platforms such as e-commerce marketplaces, social media, and even WhatsApp, embedded finance addresses the challenge of customer acquisition for lenders. Fintech entry with BNPL product is market trend and is getting good response.

5. **Increased risk tolerance among lenders:** The utilization of alternative data and Artificial Intelligence (AI) now facilitates more precise and comprehensive credit assessments. This has instilled greater confidence in lenders to extend credit to new-to-credit and thin-file borrowers.

However, it is essential to acknowledge that the retail lending sector has encountered its fair share of obstacles. Nevertheless, through the strategic combination of advanced digital public infrastructure, vigilant monitoring by the Reserve Bank of India (RBI), and continuous innovation from FinTech companies, the sector has successfully navigated various global challenges, transforming retail lending into the streamlined and efficient system.

Vehicle Loan growth outpaces home Loans: Prioritizing Cars over Houses

Ashish Kumar
Senior Manager
Retail Assets Wing
Head Office, Bengaluru

A number of variables are coming together to generate a dramatic revolution in the car finance market in India. A few of these elements are changing consumer tastes, the increasing appeal of electric cars, the emergence of new fintech businesses, and the search of manufacturers for additional sources of income.

Car finance-related search query trends have changed significantly, according to a research of consumer search trends conducted by Techmagnate, the top digital marketing agency in India. For example:

1. A greater emphasis on openness and affordability
2. The need for substitute financing options
3. Interest in finance for electric vehicles
4. Tailored yet efficient encounters

These observations support a recent Reserve Bank of India (RBI) study that indicates more loans are being taken out for cars rather than homes. This is due to the growing popularity of vehicles and people's need for personal transportation. Car loans have surged by 137% over the last three years, according to RBI data. As a result, after housing loans, auto loans are now the second-largest loan category.

A number of reasons are coming together to fuel this dynamic shift in the auto lending business, such as the growing popularity of electric vehicles, increased accessibility in Tier 2 and Tier 3 cities, and the quick uptake of digital technology. It is essential to keep up with the major trends influencing the market in order to traverse this changing landscape with effectiveness.

Trends in Indian Auto Finance

Growing demand for electric vehicles: Through a variety of programs, such as tax breaks and subsidies, the Indian government is encouraging the use of Electric Vehicles (EVs). It is anticipated that this will raise demand for EV vehicle financing. Extension of auto loans to Tier 2 and Tier 3 cities: As disposable incomes rise and the cost of owning a car gets lower, there is a growing demand for auto loans in these cities.

Digitalization: As more and more lenders offer online applications and approvals, the auto finance sector is becoming more and more digital.

The growing popularity of electric vehicles is also impacting search behaviour, with consumers seeking detailed information on financing options tailored to these environmentally friendly vehicles. They are actively researching interest rates, loan terms, and eligibility criteria to make informed decisions about financing their electric vehicle purchases. Affordability and transparency are paramount in consumers' auto finance search patterns. They are keen on finding options with competitive interest rates, flexible repayment plans, and transparent fee structures to minimize their financial burden.

Auto Financing Market Expansion in India

The Indian market for used car financing is anticipated to experience an 11% compound annual growth rate (CAGR) during the forecast period (2022-2027). This expansion is primarily driven by several factors, including rising disposable incomes, a growing middle class, and the increasing popularity of personal vehicles.

As a result of these factors, consumers are becoming more aware about their auto financing options and are willing to compare offerings from various aggregator. This shift is reflected in the growing proportion of non-brand searches in the auto finance industry.

For instance, in the fiscal year 2022 (FY'22), brand searches accounted for 46.54% of the total search volume, while non-brand searches accounted for 53.46%. However, in FY'23, non-brand searches experienced a more rapid growth rate compared to brand searches and now represent over half of all auto

finance search volume. This trend is expected to persist as consumers become increasingly informed about their auto financing options.

Four-wheelers hold the dominant position in the Indian auto finance market, capturing a substantial 77.78% share in the financial year 2023.

Two-wheelers follow as the second most sought-after vehicle type for auto financing, accounting for a noteworthy 17.18% market share.

EV vehicles reign supreme in the auto finance sector, commanding an impressive 94.16% market share in the financial year 2023.

Used vehicles, while less prevalent, still hold a presence in the market, securing a 5.84% market share.

Outlook

The Indian automobile market is expanding due to rising income levels and consumer aspirations, leading to a robust demand for cars which is a great opportunity for banks and financier. Prompt response and good customer service can easily augment Vehicle portfolio business.

*****

कविता

सारे ज़हाँ में देखता हूँ

प्रकाश माली
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)
क्षेत्रीय कार्यालय, मथुरा

पर्वतों में देखता हूँ, नदियों में देखता हूँ ।
समंदर में देखता हूँ, दरियों में देखता हूँ ॥
झीलों में देखता हूँ, झरनों में देखता हूँ ।
परायों में देखता हूँ, अपनों में देखता हूँ॥

लताओं में बेलों में, गुंजारों में देखता हूँ।
फूलों में कलियों में, बहारों में देखता हूँ ।
सागर की लहरों, किनारों में देखता हूँ ॥
महलों में तुमको, मीनारों में देखता हूँ ॥

गलियों में देखता हूँ, बाजारों में देखता हूँ।
नज़रों में तुमको, सब नज़ारों में देखता हूँ॥
अकेले में तुमको, मैं भीड़ में भी देखता हूँ।
दाना चुगाते पंछियों के, नीड़ में भी देखता हूँ।

गरीबों में देखता हूँ, अमीरों में देखता हूँ ।
फकीरों की तुझको, मैं फकीरी में देखता हूँ।
तुमको क्या बताऊँ, कहाँ–कहाँ देखता हूँ।
तुझको तो मेरे रब, मैं सारे ज़हाँ में देखता हूँ ॥

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

मद्रास डायरी : यादों का गुलदस्ता

स्वीटी राज
अधिकारी
सी पी एच, पटना

यह बात उस समय की है जब मेरी पोस्टिंग चेन्नई में हुई थी, नया शहर नए लोग और एक नयी भाषा। ट्रेनिंग के बाद कुछ लोगों कि पोस्टिंग बेंगलूरु में हुई थी और कुछ की चेन्नई में, मेरा नाम भी चेन्नई वाली लिस्ट में था। ट्रेनिंग तक तो सब अच्छा था क्यूंकि हमारी ट्रेनिंग इंग्लिश और थोड़ी हिन्दी में हुई थी, तमिल के कुछ नए शब्द हमलोग हर दिन सीख रहे थे। हमारा जो ग्रुप था उसमें ज़्यादातर लोग उत्तर भारतवासी थे और सिर्फ एक दक्षिण भारतीय था, हम सभी बहुत अच्छे दोस्त बन गए थे। हम लोग उन्हें हिन्दी के शब्द सिखाते और वह हमें तमिल के शब्द सिखाते थे।

भाषा का ज्ञान ना होने के कारण कई बार हास्यास्पद स्थितियाँ पैदा हो जाया करती हैं। एक दिन की बात है कि मैं अपनी ब्रांच में कैश काउंटर पर थी, उस दिन भीड़ बहुत थी और सर्वर काम नहीं कर रहा था। एक ग्राहक जिनका नाम रामास्वामी था वह काफी देर से अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे थे। धीरे–धीरे इंतजार की घड़ियाँ बढ़ती गयी और अंकल का गुस्सा भी, अब उन्होंने बडबड़ना शुरू कर दिया। पहले तो मैंने ध्यान नहीं दिया लेकिन जब अंकलजी बिल्कुल बीच शाखा में खड़े होकर गुस्सा जाहिर करने लगे तब सभी का ध्यान उधर गया और मैंने भी उनको समझाने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे, उनका कहना था जब अकाउंट मेरा – पैसा मेरा तब सर्वर का पैसे निकालने से क्या संबंध है। लोगों की भीड़ में से भी कुछ ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन सब व्यर्थ। उनका गुस्सा बढ़ता देख मैं अपने सीट पर खड़े होकर उन्हें समझाने का प्रयास करने लगी, अंकलजी तमिल में अपना गुस्सा जाहिर कर रहे थे और उनके हाव भाव से मुझे पता चल रहा था कि सर्वर ना होने के कारण जो उनका काम रुक गया था उसी की वजह से वह गुस्से मे थे। अथक प्रयास के बाद भी जब मैं उन्हें समझाने में नाकाम रही तो मैंने कह दिया कि आप जो कुछ भी बोल रहे हैं उससे मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा, मैं तमिल नहीं जानती। इसपे उन्होंने एकदम से अंग्रेजी में लताड़ना शुरू कर दिया। उनके इस व्यवहार से सभी को हंसी आ गयी और मैं और अंकलजी सभी एकसाथ हंसने लगे। इतनी देर में सर्वर भी वापस आ गया और अंकलजी का काम हो गया। जाते वक़्त उन्होंने मेरी सीट के पास आकर मुझसे हाथ मिलाया और अच्छी ग्राहक सेवा के प्रयास के लिए बधाई दी।

उस दिन मुझे यह एहसास हुआ कि अपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए भाषा केवल एक माध्यम है, भावनाएं तो अंतोगत्वा जाहिर हो ही जाती हैं। चेन्नई के अपने प्रवास के क्रम में जिस बात ने मुझे बरसों गुदगुदाया है वह मेरी और सब्जीवाली दीदी की बातें हैं। तमिल न आने के कारण सब्जी खरीदने में बहुत दिक्कत हुआ करती थी, लेकिन एक दिन सब्जी वाली दीदी ने मेरी समस्या का बहुत ही अनोखा समाधान निकाला। उन्होंने एक ओर सब्जी रखी और दूसरी ओर दस रूपए के उतने नोट रखे जितने रूपए किलो वह सब्जी थी, बस फिर क्या था मेरी समस्या का समाधान हो गया। मैं आती और एक ओर अपनी पसंद की सब्जी रखती और वह दीदी दस रूपए के उतने नोट रख देती जितने रूपए किलो वह सब्जी थी और वह मुझे रोज एक तमिल का शब्द सिखाती थी जो कि ज़्यादातर फलों और सब्जियों के नाम हुआ करते थे।

जहां हम लोग रहा करते थे वहाँ से मरीना बीच की दूरी लगभग दो किलोमीटर थी। हम लोगों ने यह तय किया था कि सुबह पाँच बजे मरीना की ओर चला जाएगा, चूंकि यह दूरी पैदल तय किए जाने योग्य थी मैंने और मेरी दोस्त दिव्या ने यह

तय किया कि हम वहाँ पैदल ही जाएंगे और अगले दिन सुबह लगभग 4:45 में हमने घर छोड़ दिया। कुछ दूर तक चलने के बाद हमें यह एहसास हुआ कि हम गलत गली की ओर जा रहे थे, वहाँ पास में एक महिला फूल बेच रही थी, हमने गली की ओर दिखाते हुए पूछा, कि क्या यह गली मरीना की ओर जाएगी, उन्होंने इल्ले इल्ले कहते हुए हाथ का इशारा किया और चूंकि हम लोग तमिल नहीं जानते थे हमलोगों ने सोचा की वह कहना चाह रही है कि यह गली मरीना की ओर जाती है और हम लोगों ने आगे बढ़ना शुरू कर दिया। इतने में पीछे से उनके ज़ोर–ज़ोर से चिल्लाने की आवाज आई – इल्ले मा, इल्ले मा, तब हम लोगों को एहसास हुआ कि शायद हमने समझने में कुछ गलती कर दी है। हम लोग चल कर वापस उनके पास आ गए, इतनी देर में एक और महिला वहाँ आ गई, हमने उनसे पूछा की फूल वाली आंटी क्या कहना चाह रही हैं। उस महिला को हिन्दी आती थी उन्होंने कहा कि जिस ओर आपलोग जा रहे वह मरीना का रास्ता नहीं है, यही बात फूलवाली आपसे कहना चाह रही हैं। तब हमें समझ आया की इल्ले का मतलब ना होता है जिसे अभी तक हमलोग हाँ समझ रहे थे। बताए गए रास्ते पर थोड़ी देर चलने पर हमें समुद्र की आवाजें आने लगी और आते–जाते लोगों के भीगे कपड़े देख कर हम समझ गए की अब मरीना आ गया था। समुद्र की पहली झलक ने मुझ पर मानों जादू सा कर दिया, मैं और मेरी दोस्त तेजी से दौड़ते हुए समुद्र तक पहुँच गए और पानी के इतने पास आकर खड़े रहने का अनुभव इतना अनोखा और प्यारा था कि वह पल आज तक हमारी आँखो के सामने ठीक वैसा ही जीवंत है। चेन्नई शहर ने न केवल एक नयी भाषा सिखायी बल्कि वहाँ के लोगों और वहाँ की संस्कृति ने जीवन जीने का नया तरीका सिखाया। वहाँ के मंदिरों और समुद्र की लहरों ने हृदय में एक ऐसा स्थान बना लिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहाँ के सरल लोग और उनका प्यार, अपनी भाषा, संस्कृति और सभ्यता के प्रति उनका लगाव अनोखा और बेहद अनुस्मरणीय है। मद्रास अपने आप में पूरा संसार सा है, सुबह 4 बजे से मंदिरों की घण्टियों और लोगों के भजनों की आवाजें, घर के प्रवेश द्वार पर रंगोली बनाती महिलाएँ, बच्चों का स्कूल बैग लेकर दोस्तों के साथ इठलाते हुए जाना और चिड़ियों की चहचाहट बहुत मनोरम लगती हैं। मैं जीतने दिन वहाँ रही, नए अनुभव नए लोगों ने जिंद्रगी को देखने का नया नजरिया दिया। वहाँ की मिनी इडली और फ़िल्टर कॉफी तो जैसे जीवनपर्यंत के लिए मेरा पसन्दीदा नाश्ता बन गयी है।

इडली से याद आया कि हमारी गली में एक इडली का ठेला लगता था जो कि सुबह 5 बजे से ही शुरू हो जाता था, चूंकि हमारी शाखा सुबह 8 बजे से शुरू होती थी तो अक्सर लेट न होने के लिए हमलोग आंटी से 20 रुपये में 4 इडली ले लिया करते थे। आंटी भी बड़े प्यार से 4 इडली के साथ 3 तरह की चटनी केले के पत्ते पर दे दिया करती थी। वहाँ खाने की कोई कमी नहीं थी, एक से बढ़ कर एक चीज़ें थी खाने के लिए। शाखा का काम निपटा कर हमलोग अक्सर वहाँ का स्थानीय खाना चखने के लिए गलियों में निकल जाया करते थे। हर गली, हर जगह का अपना व्यंजन था, अपनी पहचान थी। खाने के साथ–साथ हमलोग भी वहीं के रंग मे रंग जाया करते थे।

शहर, वहाँ के लोग और वहाँ की संस्कृति आपके व्यक्तित्व में एक नया रंग जोड़ देती है, मद्रास ने भी मुझे अपने आप से मिलवाया है। समुद्र की लहरों की आवाजों ने मुश्किल से मुश्किल हालात में भी मुझे मन की शांति और नयी हिम्मत का एहसास कराया है। मैं अक्सर अपने दोस्तों से कहती हूँ कि मद्रास की एक–एक याद मेरे मन–मस्तिस्क में छप सी गयी है। यादों का गुलदस्ता इतना बड़ा है कि हर पल एक नयी पंखुड़ी मन के पटल पर आ विराजती है।

*****

'Take care of your body, It's the only place you have to live.'

KEEP CALM AND DO YOGA

HEALTH MATTERS HERE!

Yoga offers a wide range of physical, mental, and emotional benefits

Physical Well-being:

- **Flexibility:** Yoga postures enhance flexibility, improving the range of motion in joints and reducing the risk of injuries.
- **Strength:** Many yoga poses build strength, promoting overall physical fitness.
- **Balance:** Yoga poses often involve balancing, enhancing stability and coordination.
- **Pain alleviation:** Yoga can alleviate back pain by strengthening the core muscles and improving posture. Gentle yoga poses may provide relief for individuals with joint pain.
- **Breath Control (Pranayama):** Yoga incorporates controlled breathing, improving lung capacity and respiratory function. Deep and mindful breathing increases oxygen intake, promoting better overall health.
- **Blood Circulation:** Yoga poses and movements improve blood circulation, benefiting heart health. Regular practice may help maintain healthy blood pressure levels.

Mental Health:

- **Stress Reduction:** Yoga encourages relaxation and mindfulness, helping to reduce stress levels.
- **Improved Focus:** The practice of breath control and meditation in yoga can enhance concentration and mental clarity.
- **Sleep quality:** Yoga's emphasis on relaxation and meditation can contribute to better sleep quality. Reduced stress levels positively impact sleep patterns

Holistic Wellness: Yoga emphasizes the interconnectedness of mind, body, and spirit, fostering holistic well-being.

The practice can be done with minimal equipment, making it convenient for most people. Regular practice is key to experiencing these benefits. Here some of the basic asanas:

Child's Pose (Balasana): Sit back on your heels, stretch your arms forward, and rest your forehead on the mat. This pose promotes relaxation and releases tension in the back.

Corpse Pose (Savasana): Lie on your back with arms by your sides. Focus on deep breathing, allowing your body to fully relax. This helps to reduce stress and calms the mind.

Seated Forward Bend (Paschimottanasana): Sit with legs extended, reach forward to touch your toes. This pose stretches the spine and helps relieve stress in the lower back.

Cat-Cow Stretch (Marjaryasana-Bitilasana): On your hands and knees, arch your back upward (cat) and then dip it down (cow). This gentle flow promotes flexibility and releases tension.

Standing Forward Bend (Uttanasana): Bend forward from the hips, letting your head touch the knees. This pose helps release tension in the neck, shoulders, and back.

Legs Up the Wall (Viparita Karani): Lie on your back with legs up against a wall. This pose promotes relaxation, improves circulation, and reduces fatigue.

Theni

Winston Roy
Senior Manager
Resources Section
Regional Office, Theni

Theni District is one of the 38 districts of Tamil Nadu state in India. Well protected by the scenic hill locks, the district is located besides Madurai district. The town of Theni is the district headquarters. The hilly areas are constituted by parts of the five taluk's Theni, Bodinayakanur, Periyakulam, Uthamapalayam and Andipatti with thick vegetation and perennial streams from the hills on the western side and Cumbum valley which lies in Uthamapalayam taluk. As of 2011, Theni district had a population of 1,245,899 with a sex ratio of 980 females for every 1,000 males.

District At a Glance

District	:	Theni
Head Quarters	:	Theni
State	:	Tamil Nadu
Total Area	:	3242.3 Sq.Kms
Nearby Places	:	Madurai (75 Kms), Dindigul (75 Kms) Munnar (84 Kms), Kumily (64 Kms) Thekkady (65 Kms)

Culture & Heritage

Important Festivals

- Veerapandi Gowmariamman festival (April– May)
- Kuchanur Arulmigu Suyambu Saneeswara Bhagavan Adi festival (July-August)
- Andipatti Sri Mavoothu Vellapar Chitirai festival (April-May)
- Devadanapatti Sri Moongil Anai Kamakshi amman Temple festival (Feb–March)
- Suruli Vellappar festival (May)
- Bodinayakkanur Paramasivan kovil festival (April)
- Lower camp Kannaki kovil festival (May)

Important Places to Visit

Megamalai Wild Life

Megamalai is also called as ''Paccha Kumachi'' which means green peak is at 1500 mts above sea level, altitude. During British period this was popularly called as High Wavy Mountain. Since the peak is covered with clouds always, locals call it as Megamalai. (Theni to Megamalai 50 km).

Suruli Falls

Suruli falls, is located 56 km from Theni and 10 km from Cumbum in the Theni District in Tamil Nadu. It is a 2 stage Cascading water fall. The Suruli River supplying the falls originates from the Meghamalai mountain range.

Megamalai Chinna Suruli

Cloud Land Falls (Chinna Suruli) is situted 54 kms from Theni near Kombaithozhu Village. These falls originate in the Megamalai. This is popularly known as Chinna Suruli.

Kurangani Top Station

Kurangani and Top station Kurangani is situated in the Western Ghats at an attitude of 400 ft.-6500 ft. It is promoted as a new tourism model – endogenous spices tourism. Kolukkumalai is the highest tea estate in the world. It is situated in precipitous ledge atop Kurangani. The entire Kurangani Region is storehouse of rich biodiversity. Nearest airport is Madurai which is 106 away from Kurangani. Kurangani is 16 Kms from Bodinayakanur.

Kumbakarai Falls

Kumbakkarai Falls are lesser known falls in the foothills of the Kodaikanal Hills. They are located at 9 kilometers from Periyakulam.

Bodi Mettu

Bodi Mettu is located near Kerala border. It is 10 km from Poopara on the way to Bodinayakkanur by the side of National Highway 85, which runs from Madurai to Kochi.

Sanneswarer Temple

This is a temple situated at Kuchanur which is meant solely for Lord Saneeswara Bhagawan. The Lord is seen in swayambhu (self-appeared) form. In front of this temple the perennial river Surabi flows which carries the waters of Periyar river and Suruliyaru. There is a separate temple for guru which faces north direction hence this temple is known as Vadaguru temple.

Veerapandi Gowmariamman temple

A 14th Century Temple built by King Veerapandi of Pandya Dynasty is the famous temple here. It is believed that the king got back his vision after sincere and devoted prayer to Gowmariamman and Kanneeswara-mudaiyar. Mullai River, a perennial source of water flows close to the temple (8 Kms from Theni)

Vaigai Dam

Vaigai Dam Built across the majestic River Vaigai near Andipatti with a height of 111 feet can store 71 feet of water. It is 7 km from Andipatti and 25 kms from Theni .

Important Activities:

Agriculture is the mainstay of life for the major population of Theni. Majority of our Advances Portfolio is also contributed by them. Major horticulture crops cultivated in this district are fruit crops like Mango, Banana, Grapes, Guava and Aonla, tropical vegetables like lady's finger, tomato, brinjal, onion, temperate vegetables like cauliflower, beetroot and knol-khol, spices and condiments like pepper, cardamom and plantation crops like coffee and tea. Cardamom spices grown in Bodinayakanur also have a huge demand in market. Climate prevailing in the region suits well for the growth of Grapes and Cardamom.

An exclusive Spices Board e-auction centre is located at Bodinayakanur for promoting Spices products .

Kolukkumalai and Meghamalai Tea Estates are among the premier south Indian Tea Factories developing products at global standards.

Transportation:

Air : The nearest International airport is Madurai Airport (75 km).

Rail : The nearest Railway station is Madurai 70 km and Dindugul (80 km) apart from having Railway Station at Theni itself.

Road : Four important National Highways, which are Theni to Kumuli, Theni to Munnar, Theni to Madurai, Theni to Dindugul.

OUR BANK

We have 24 Branches in Theni District which includes 20 Semiurban and 4 Rural Branches and also one MSME Sulabh, RAH and Currency Chest and having Regional Office at the Centre of the City . We are also the Lead Bank of the District.

*****

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

दिसंबर और जनवरी

अंशू चौधरी
वरिष्ठ प्रबंधक
एमसीसीडब्ल्यू विभाग, प्र.का

कितना अजीब है ना,
दिसंबर और जनवरी का रिश्ता?
जैसे पुरानी यादों और नए वादों का किस्सा...

दोनों काफ़ी नाज़ुक हैं
दोनो में गहराई है,
दोनों वक़्त के राही हैं,
दोनों ने ठोकर खायी है...

यूँ तो दोनों का है
वही चेहरा–वही रंग,
उतनी ही तारीखें और
उतनी ही ठंड...

पर पहचान अलग है दोनों की
अलग है अंदाज़ और
अलग हैं ढंग...

एक अन्त है,
एक शुरुआत
जैसे रात से सुबह,
और सुबह से रात...

एक में याद है
दूसरे में आस,
एक को है तजुर्बा,
दूसरे को विश्वास...
दोनों जुड़े हुए हैं ऐसे
धागे के दो छोर के जैसे,
पर देखो दूर रहकर भी
साथ निभाते हैं कैसे...

जो दिसंबर छोड़ के जाता है
उसे जनवरी अपनाता है,
और जो जनवरी के वादे हैं
उन्हें दिसंबर निभाता है...

कैसे जनवरी से
दिसंबर के सफर में
11 महीने लग जाते हैं...

लेकिन दिसंबर से जनवरी बस
1 पल में पहुंच जाते हैं!!
जब ये दूर जाते हैं
तो हाल बदल देते हैं,
और जब पास आते हैं
तो साल बदल देते हैं...

देखने में ये साल के महज़
दो महीने ही तो लगते हैं, लेकिन...

सब कुछ बिखेरने और समेटने
का वो कायदा भी रखते हैं...

दोनों ने मिलकर ही तो
बाकी महीनों को बांध रखा है,
अपनी जुदाई को दुनिया के लिए
एक त्यौहार बना रखा है..!

Tamil Nadu – The land of spiritual serenity!

Dhanya Palani Yadav
SWO-A
Bandra Kurla Complex
Mumbai

Being a Tamilian, born and brought up in Mumbai, Tamil and Tamil Nadu have always been alluring to me. Tamil Nadu immediately reminds me of my grandparents and the summer vacations we used to spend as children there. The long train journeys, swimming in the rivers, the green paddy fields, the waterfalls where we used to play with our cousins fills me with nostalgia.

My grandfather would take us to different temples and I would be filled with wonder by the magnificent temples and their awe-inspiring architecture. Rightly called the 'Land of Temples', Tamil Nadu is home to Madurai Meenakshi Amman Temple, Thanjavur Brihadeeswara Temple, Chidambaram Nataraja temple and almost 33,000 beautiful places of worship. The majestic temple gopurams and pillars add an aesthetic touch to these temples. The ancient temples tell tales of timeless wisdom and devotion, which my grandparents used to narrate.

My grandfather would tell us about the rich heritage of Tamil Nadu which further piqued my interest in learning the Tamil language and our culture. He would tell us that the Chera, Chola and Pandya dynasties are the heart of the Dravidian civilization. Tamilians, members of the Dravidian civilization, have contributed immensely to the fields of astronomy, mathematics and science. Tamil Nadu has a rich history of art, architecture, literature, cuisine, music and dance. Classical literature or the Sangam literature has contributed significantly to the cultural legacy, influencing the region's heritage. One of the oldest languages in the world, the richness of Tamil literature lies in its philosophical and spiritual essence. Notable among these is the Thirukkural written by Thiruvalluvar, which is a classical Tamil treatise on the art of living.

I learned Bharatnatyam, a classical dance form that originated in Tamil Nadu, because I was fascinated by the intricate footwork, grace and artistic expressions. The heart of Tamil Nadu beats with the rhythm of classical music and folk music. Tamil cinema also known as Kollywood is popular for exploring deep-rooted social, cultural, and political themes, that finds resonance with both local and international audience. Kanchipuram silk sarees and handloom artistic weaving known for its detailed beautiful designs are popular worldwide. Tanjore paintings and dolls are known for their creativity.

From breath taking landscapes to rich marine bio diversity, Tamil Nadu is a paradise for nature lovers and attracts tourists round the year. The majestic Nilgiris and the spectacular Bay of Bengal makes Tamil Nadu amazingly diverse. Tamil Nadu has hill stations like Ooty and Kodaikanal, pristine beaches like the Mahabalipuram beach and Marina Beach in Chennai that is the world's second longest beach, forts like the Vellore fort, sanctuaries like the Mudumalai National Park and monuments like the Thiruvalluvar statue and Vivekananda Memorial. The sunrise and sunset at Kanyakumari are a sight to behold, that is also popular for the Triveni Sangam which witnesses a transcendental blend of the Arabian Sea, the Bay of Bengal and the Indian Ocean. Rameswaram also known as the 'Varanasi

of the South' is an island paradise. Tourists visiting Tamil Nadu will definitely garner memories of a lifetime.

Tamilians around the world celebrate Pongal which is the winter harvest festival, during the Thai month of the Tamil Solar calendar, around mid-January. A time of the year when rice, turmeric and sugarcane are harvested, Tamilians of all religions celebrate the festival with a sense of gratitude. A celebration to thank the Sun, Nature and the animals that help to contribute to the year's harvest, Pongal is a secular Thanksgiving festival of prosperity.

Popularly called as 'Tamizhar Thirunaal' (An auspicious day for Tamilians), Pongal is celebrated across 4 days:

1. **Bhogi Pongal:** This is a day to celebrate Lord Indira or the Rain God for a bountiful harvest. On this first day of Pongal, people clean their homes by discarding the old and broken items and toss them into a bonfire traditionally made of wood and cow dung cakes.
2. **Thai Pongal or Surya Pongal:** On this day, rice and milk are boiled together in an earthen pot, to which a turmeric plant is tied, out in the open facing east direction, as an offering to Sun God. Sugarcane, coconuts and bananas are also offered to Sun God. Kolam or the traditional rangoli is made at the entrance of the house with rice powder.
3. **Mattu Pongal:** Mattu Pongal is celebrated to thank the cattle. The cattle are adorned with bells and garlands and are worshipped.
4. **Kaanum Pongal:** Kaanum Pongal marks the last day of Pongal. On this day, relatives and guests visit each other and seek the blessings of the elder members of the family.

The various delicacies prepared especially during Pongal are:

1. **Sakkarai Pongal** : A sweet dish made with rice, jaggery, milk, ghee and topped with cashew nuts, raisins and cardamom, it is offered to Sun God. A popular dish served to guests during the Pongal festival, it is traditionally prepared in an earthen pot.
2. **Pongal Kuzhambu :** Fresh mixed vegetable curry, all harvested from the farm, cooked in coconut and tamarind-based gravy, it is a flavourful and nutritious specialty.

Pongal rice, Sambhar, Rasam, Poriyal, Pongal Kuzhambu, Sakkarai Pongal all form a part of the lavish feast, served hot on a banana leaf - the aroma and taste of which, lingers on the tongue long after the Pongal meal.

I hail from Tirunelveli, which is very popular for its halwa. Made of wheat, sugar, ghee, milk, and flavoured with cardamom and saffron, Tirunelveli halwa is known for its unique jelly-like texture and mouth-watering taste. The dish has a long history dating back to the 18th century.

The folk culture of Tamil Nadu has a long history too. Various martial arts including Silambam, Malyutham are part of the folk culture of Tamil Nadu. Thavil, Udukkai, Veenai, Nadaswaram are popular musical instruments. Kummi is a folk dance, in which women dressed in colourful sarees, clap and dance in circles to the rhythmic beating of drums. The dancers imitate different harvesting activities accompanied by songs called 'Kummi' songs. Additionally, Karakattam, Kavadi aattam, Mayil aatam, Poikkal Kudhirai aatam are popular during temple festivals. Theru koothu, meaning street play, represents the traditional folk drama of Tamil Nadu. Koovagam festival is one of the unique festivals in Tamil Nadu, where thousands of transgenders gather to celebrate their identities.

I believe that a language is a treasure house of thousands of years of civilization. Having learned to read and write in Tamil, in addition to speaking the language has enabled me to feel pride about the rich heritage of my roots. Preserving the wisdom, culture, tradition and language is our responsibility to carry the legacy forward.

*****

ईश्वर तू ही अन्नदाता है

रुचि जैन
अधिकारी
इंदौर विजयनगर 54 शाखा

किसी राज्य में एक प्रतापी राजा हुआ करता था। राजा रोज सुबह उठकर पूजा पाठ करता और गरीबों को दान देता। अपने इस उदार व्यवहार और दया की भावना की वजह से राजा पूरी जनता में बहुत लोक प्रिय हो गया था।

रोज सुबह दरबार खुलते ही राजा के यहाँ गरीब और भिखारियों की लंबी लाइन लग जाती थी। राजा हर इंसान को संतुष्ट करके भेजते थे। किशन और गोपाल नाम के दो गरीब भिखारी रोज राजा के यहाँ दान लेने आते।

राजा जब किशन को दान देता तो किशन राजा की बहुत वाहवाही करता और राजा को दुआएं देता। वहीं जब राजा गोपाल को दान देता तो वह हर बार एक ही बात बोलता – हे ईश्वर तू बड़ा दयालु है, तूने मुझे इतना सबकुछ दिया। राजा को उसकी बात थोड़ी बुरी लगती। राजा सोचता कि दान मैं देता हूँ और ये गुणगान ईश्वर का करता है।

एक दिन राजकुमारी का जन्मदिन था। उस दिन राजा ने दिल खोल कर दान दिया। जब किशन और गोपाल का नंबर आया तो राजा ने पहले किशन को दान दिया और किशन राजा के गुणगान करने लगा लेकिन राजा ने जैसे ही गोपाल को दान दिया वो हाथ ऊपर उठा के बोला – हे ईश्वर, तू ही अन्नदाता है, आज तूने मुझे इतना दिया इसके लिए प्रभु तुझे धन्यवाद देता हूँ।

राजा को यह सुनकर बड़ा गुस्सा आया उसने कहा कि गोपाल, मैं रोज तुम्हें दान देता हूँ फिर तुम मेरे बजाय ईश्वर का गुणगान क्यों करते हो ? गोपाल बोला, राजन देने वाला तो ऊपर बैठा है, वही सबका अन्नदाता है, आपका भी और मेरा भी, यह कहकर गोपाल वहाँ से चला गया। अब राजा ने गोपाल को सबक सिखाने की सोची।

अगले दिन जब किशन और गोपाल का नंबर आया तो राजा ने किशन को दान दिया और कहा किशन मुझे गोपाल से कुछ बात करनी है, इसलिए तुम जाओ और गोपाल को यहीं छोड़ जाओ, और हाँ आज तुम अपने पुराने रास्ते से मत जाना आज तुमको राजमहल के किनारे से जाना है जहाँ से सिर्फ मैं गुजरता हूँ।

किशन ख़ुशी ख़ुशी दान लेकर चला गया। राजमहल के किनारे का रास्ता बड़ा ही शानदार और खुशबु भरा था। संयोग से राजा ने उस रास्ते में एक चांदी के सिक्कों से भरा घड़ा रखवा दिया था। लेकिन किशन आज अपनी मस्ती में मस्त था वो सोच रहा था कि राजा की मुझपर बड़ी कृपा हुई है जो मुझको अपने राजमहल के रास्ते से गुज़रने का मौका दिया है। यहाँ से तो मैं अगर आँख बंद करके भी चलूं तो भी कोई परेशानी नहीं होगी।

यही सोचकर किशन आँखें बंद करके रास्ते से गुजर गया जिस कारण उसकी नजर चांदी के सिक्कों से भरे घड़े पर नहीं पड़ी। थोड़ी देर बाद राजा ने गोपाल से कहा कि अब तुम जाओ क्योंकि किशन अब जा चुका होगा लेकिन तुमको भी उसी रास्ते से जाना है जिससे किशन गया है।

गोपाल धीमे क़दमों से ईश्वर का धन्यवाद करते हुए आगे बढ़ चला। अभी थोड़ी दूर ही गया होगा कि उसकी नजर चांदी के सिक्कों से भरे घड़े पर पड़ी। गोपाल घड़ा पाकर बड़ा खुश हुआ उसने कहा – "ईश्वर तेरी मुझ पर बड़ी अनुकंपा है तूने मुझे इतना धन दिया" और वो घड़ा लेकर घर चला गया।

अगले दिन फिर से जब गोपाल और किशन का नंबर आया तो राजा को लगा कि किशन घड़ा ले जा चुका होगा इसलिए उसने किशन से पूछा – क्यों किशन? कल का रास्ता कैसा रहा? राह में कुछ मिला या नहीं ?

किशन ने कहा – महाराज रास्ता इतना सुन्दर था कि मैं तो आँखें बंद करके घर चला गया लेकिन कुछ मिला तो नहीं। फिर राजा ने गोपाल से पूछा तो उसने बताया कि राजा कल मुझे चांदी के सिक्कों से भरा एक घड़ा मिला, ईश्वर ने मुझपे बड़ी कृपा की।

राजा को किशन पर बड़ा गुस्सा हुआ उसने कहा कि आज मैं तुझे धन नहीं दूंगा बल्कि एक तरबूज दूंगा, किशन बेचारा परेशान तो था लेकिन कहता भी तो क्या? चुपचाप तरबूज लेकर चल पड़ा। उधर राजा ने गोपाल को रोजाना की तरह कुछ धन दान में दिया।

किशन ने सोचा कि इस तरबूज का मैं क्या करूँगा और यही सोचकर वो अपना तरबूज एक फल वाले को बेच गया। अब जब गोपाल रास्ते से गुजरा उसने सोचा कि घर कुछ खाने को तो है नहीं क्यों ना बच्चों के लिए एक तरबूज ले लिया जाये। तो गोपाल फल बेचने वाले से वही तरबूज खरीद लाया जिसे किशन बेच गया था।

अब जैसे ही घर आकर गोपाल ने उस तरबूज को काटा तो देखा उसके अंदर सोने के सिक्के भरे हुए थे। गोपाल ये देखकर बड़ा प्रसन्न हुआ और ईश्वर का धन्यवाद देते हुए बोला – "हे ईश्वर आज तूने मेरी गरीबी दूर कर दी, तू बड़ा दयालु है सबका अन्नदाता है"।

अगले दिन जब राजा दान दे रहा था तो उसने देखा कि केवल अकेला किशन ही आया है गोपाल नहीं आया। उसने किशन से पूछा तो किशन ने बताया कि कल भगवान की कृपा से गोपाल को एक तरबूज मिला जिसके अंदर सोने के सिक्के भरे हुए थे वह गोपाल तो अब संपन्न इंसान हो चुका है।

किशन की बात सुनकर राजा ने भी अपने हाथ आसमान की ओर उठाये और बोला – * हे ईश्वर वाकई तू ही अन्नदाता है, मैं तो मात्र एक जरिया हूँ, तू ही सबका पालनहार है * राजा को अब सारी बात समझ आ चुकी थी।

*****

Poem

Ponderings of a trapped soul

Winnie J Panicker
Manager
HM& L Section
HR Wing, Head Office

As the rusty cabins where the soul is held
Gripped and chained like breathless birds
A voice that seems choked and dry
Tries to scream out its words, heavy, but creaked.

As silence engulfs and suffocates the ears
The creaks that are feeble are heard in fear
Those arms try to break the chains
And burst out into the world of ignorance.

A streak of hope within the soul
That is left empty to be filled in full
There are faces that hide behind armours
Those seem strong and rigid but are just masks.

The rays have now engulfed the darkness
And the vision is now subtly clear
The senses are open and slowly,
The strings that held the soul broke, setting it free.

विकसित भारत : विजन 2047

राज तिलक पांडेय
वरिष्ठ प्रबंधक
अंचल कार्यालय, राँची

देश जब 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ, तब से अब तक निरंतर ही विकास के पथ पर अग्रसर है। सैकड़ों वर्षों के अत्याचार के बाद आज स्वतंत्र और स्वाभिमान से गौरवान्वित हमारा भारत देश विश्व के विकास का पथ प्रदर्शक बना हुआ है। हमारा देश शीघ्र ही महाशक्ति बनने जा रहा है। वर्ष 2022 से 2047 तक का समय अमृत काल है जो हमारे देश को विकासशील से विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का समय है। अमृत काल का लक्ष्य एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जहाँ सुविधाओं का स्तर ग्रामीण क्षेत्रों और शहरों को बाँट ना रहा हो, जहाँ हर आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद हो और जहाँ सरकार नागरिकों के जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप ना करे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें प्रधानमंत्री जी के मंत्र 'सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास।' को अपनाना होगा। – इस प्रयास के साथ भारत वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ एक वैश्विक महाशक्ति होगा।

विज़न इंडिया @2047 योजना के अंतर्गत देश के विभिन्न मंत्रालय एवं विभाग इस विचार– मंथन में लगे हुए हैं कि देश को विकास के वर्तमान स्तर से उस स्तर पर ले जाया जाए जिसकी परिकल्पना और महत्वकांक्षा की गई है। इसके अंतर्गत देश के प्रमुख नीति थिंक टैंक नीति आयोग के द्वारा अगले 25 वर्षों के लिए भारत के विकास का एक खाका तैयार करना है। इस परियोजना का लक्ष्य हमारे देश को नवाचार एवं प्रौद्योगिकी में विश्व का अग्रणी देश बनाना है जो मानव विकास, सामाजिक कल्याण के साथ पर्यावरणीय स्थिरता का प्रबल समर्थक होगा।

विज़न 2047 का लक्ष्य भारत को एक विकसित देश बनाना है और साथ ही इन निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करना है –

- भारतीय अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर का बनाना
- प्रति व्यक्ति आय को 20 हजार डॉलर तक पहुँचाना
- मज़बूत सार्वजनिक क्षेत्र का विकास
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे और सुविधाओं का निर्माण
- भारत को वैश्विक बाज़ार के रूप में केंद्रित करना
- शिक्षा क्षेत्र का विकास
- स्वास्थ्य क्षेत्र का विकास
- युवा कौशल विकास
- कार्यस्थल में लैंगिक समानता
- शासन में डिजिटल परिवर्तन

आज भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 60 वर्ष का समय लगा। लेकिन अब हर पाँच साल में हम अपनी अर्थव्यवस्था में एक ट्रिलियन डॉलर का इजाफा कर रहें हैं और आने वाले वर्षों में हम यही इजाफा हर दो साल में करेंगे और फिर हर एक साल में। यह वस्तु एवं सेवा कर और दिवाला एवं शोधन असमता संहिता जैसे संरचनात्मक सुधारों का परिणाम है कि आज देश में अब तक का सबसे अधिक वार्षिक एफडीआई प्रवाह दर्ज किया गया है। देश और बाज़ार के बीच एक बेहतर तालमेल बनाने से भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी। आर्थिक विस्तार को तीव्र गति देने से वर्ष 2030 तक भारत का जीडीपी आकार में जापान के जीडीपी से अधिक हो जाएगा और वर्ष 2047 तक हम 30 ट्रिलियन डॉलर इकॉनॉमी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्तमान में निम्न मध्यम आय वाले

देशों में सबसे कम है यहां तक कि हमारा पड़ोसी देश बांग्लादेश भी इस मामले में हमसे आगे है। विगत के कुछ वर्षों में भारत के कार्यबल एवं करदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। करदाताओं की संख्या में सात गुणा वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2013 में यह सिर्फ 21 लाख थी वह आज बढ़कर 8.5 करोड़ पहुँच गयी है। सरकार 3 तरीकों से प्रति व्यक्ति आय और जीडीपी में सुधार कर सकती है –

- **किसानों की आय में वृद्धि :** देश की 40% आबादी खेती से जुड़ी है। कृषि उत्पादों के मूल्य क़ो किसानों के हाथ में दे देने से वो अपनी उपज़ को अधिक बोली लगाने वाले को बेच सकते हैं, जिससे किसानों को उच्च आय प्राप्त करने की अनुमति मिलेगी। किसानों की समृद्धि से भारत के अन्य क्षेत्र भी समृद्ध होते हैं ।

- **बुनियादी ढाँचे का विकास :** प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए सरकारी खर्च आवश्यक है। नए निर्माण और मरम्मत पर पैसा खर्च करके सरकार अपने नागरिकों को सुविधा प्रदान करेगी और इससे निर्माण क्षेत्र में नौकरियाँ पैदा होंगी। उच्च वेतन भुगतान करने के लिए सरकार ज्यादा धन का उपयोग करेगी जिससे निजी खपत एक बार फिर बढ़ेगा। इन कारणों से व्यवसायिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। सरकार द्वारा एक निश्चित राशि खर्च करने से देश को आर्थिक वृद्धि का लाभ मिलेगा।

- **उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा :** भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, ऑटोमोबाइल और हार्डवेयर के क्षेत्रों में अपने आप को एक प्रतिस्पर्धी निर्माता एवं निर्यातक के रूप में स्थापित करना होगा। आज इन क्षेत्रों में भारत का योगदान वैश्विक निर्यात का केवल 1.5% है । इन क्षेत्रों में विकास से भारत अपनी निर्यात क्षमता को बढ़ा सकता है और अपने आयात को भी कम कर सकता है। इससे देशवासी विदेशी सामान पर अपने खर्च पर अंकुश लगा सकते हैं।

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र और बुनियादी ढाँचे के विकास पर वर्ष 2024 से 2030 तक 140 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य रखा है। यह आर्थिक वृद्धि का सबसे बड़ा चालक होगा जिसमें विकास के कई पहल शामिल हैं :

- **भारतमाला परियोजना :** इस परियोजना के माध्यम से 66,100 किलोमीटर अतिरिक्त सड़क नेटवर्क का निर्माण करना है जिसमें एक्सप्रेस वे, आर्थिक गलियारा और अंतरराष्ट्रीय सीमा सड़कों का निर्माण शामिल है ।

- **सभी को घर :** इस योजना का उदेश्य सभी को घर मुहैया कराना और विकास में बाधा डालने वाले घटकों को कम करना है ।

- **सार्वजनिक–निजी भागीदारी :** पीपीपी सरकारी परियोजनाओं को स्व वित्तपोषण से पूरा करने की अनुमति देता है।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बुनियादी ढाँचे का आर्थिक विकास के साथ दोतरफा संबंध है। इन्फ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है और आर्थिक विकास से बुनियादी ढाँचे में बदलाव आता है। बिजली, पानी, परिवहन जैसी बुनियादी ढाँचागत सुविधाएँ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अगर सरकार बुनियादी ढाँचे के विकास पर 1% खर्च करती है तो इससे सकल घरेलू उत्पाद में 1% की वृद्धि दर्ज होती है ।

शिक्षा व्यवस्था में देश प्रेम के पाठ को अनिवार्य कर देना चाहिए और साथ ही हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को हमारे आदर्शों के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम में उनके चरित्र की महानता को भारतीय भाषाओं में पढ़ाया जाना चहिए। इतिहास की सच्चाई को सबके सामने रखा जाना चाहिए। शिक्षा के साथ–साथ लोगों के स्वास्थ्य पर देश को अपनी जीडीपी का कम से कम 3% व्यय करना होगा। इसके साथ–साथ राज्यों को अपने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में बहुत सुधार लाना होगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए व्यावहारिक शिक्षा प्रणाली के साथ ही कौशल विकास पर ध्यान देने की ज़रुरत है। देश के छात्रों को उद्योग आधरित आवश्यक कौशल प्रदान करना चाहिए। छात्रों को परंपरागत शिक्षा से हटकर सोचने, नवोन्मेषी कार्यक्रमों में भाग लेने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपने कौशल का उपयोग करना सिखाना होगा ।

कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता किसी भी देश के व्यवसाय के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। हमें कार्यस्थलों में विविधता

बढ़ाने और लैंगिक भेदभाव कम करने का प्रयास करना होगा, इससे उत्पादकता बढ़ेगी, संघर्ष कम होगा और प्रत्येक कर्मचारी को समान अवसर प्राप्त होगा। सरकार के सभी अंग चाहे वो केंद्र हो या राज्य दोनों को नागरिकों के सभी वर्ग को साथ लेकर चलना होगा। भारत को अपने श्रम एवं पूँजी बाजार में महत्वपूर्ण सुधार करना होगा। चाहे वह कृषि सुधार हो या श्रम सुधार या फिर न्यायिक सुधार, हर सुधार अति महत्वपूर्ण है। विकास के साथ ही सामाजिक कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित करने की जरुरत है। गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर विकास के लिए सामूहिक प्रण एवं प्रयास की जरुरत है। एकता एवं एकजुटता ही विकास की राह आसान बनाती है। अगले 25 वर्ष में अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रण हर भारतीय को लेना चाहिए। अगले 25 साल हमारे देश और हम सब के लिए अतिमहत्वपूर्ण है। चुनौतियाँ अनगिनत हैं, पर उन्हें पार करने में हम सब सक्षम भी हैं। इस दिशा में हम सब सरकार के साथ मिलकर एक लक्ष्य– विकसित भारत के लिए प्रयास करें और इसे सफल बनाएं।

*****

कविता

कृतज्ञता

लवली कुमारी
अधिकारी
अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर

कृतज्ञता की गहराइयों में छिपा है वो ज्ञान,
जो सदा हमें सिखाता है, जीवन का अर्थ महान।
धन्यवाद की भावना से यह अलग, और भी गहरे,
दिल के कोने से उठती इसकी मधुर लहरें।

सूरज की किरणों सी चमकती, कृतज्ञता की रोशनी,
अंधेरे को चीर, लाती जीवन में खुशियों की नई वाणी।
सहजता से यह फैलती, बन जाती हर दिल की पहचान,
विश्वास और प्रेम से भरी, यह जीवन की अनमोल दास्तान।

कृतज्ञता की आशा में, जीवन का हर पथ उजला होता है,
हर दिल में धन्यवाद की मिठास से प्यार खिलता है।
इस अद्भुत भावना के संग, जीवन का हर पल संवर जाता है,
कृतज्ञ होने का अनुभव, हर दिन को और खास बनाता है।

कृतज्ञता की महिमा से, जुड़ते हैं हम सब एक साथ,
जीवन की इस गाथा में, बुनते हैं प्रेम की सौगात।
इस प्रेम मय सौंदर्य में, हम सभी मिलकर गाते हैं,
कृतज्ञता का गीत हमें, हर पल नया आयाम दिखाते हैं।

Wisdom Capsule

The Tale of Two Wolves:

Once upon a time, an old Cherokee Chief was teaching his grandson about life. "A fierce battle is going on inside me," he said to the boy. "It is a terrible fight between two wolves. One wolf represents fear, anger, envy, sorrow, regret, greed, arrogance, self-pity, guilt, resentment, inferiority, lies, false pride, superiority, and ego. The other wolf stands for joy, peace, love, hope, serenity, humility, kindness, benevolence, empathy, generosity, truth, compassion, and faith." The grandson sat quietly, thinking about the wolves' intense struggle within his grandfather. After a moment, the young boy looked up at his grandfather and asked, "Which wolf will win?" The old chief simply replied, "The one you feed. "This timeless tale reminds us that in life, we constantly face choices between positive and negative influences

The moral of the story is that our thoughts, actions, and choices shape who we are. By feeding positive qualities such as love, compassion, and humility, we cultivate a better version of ourselves. Conversely, nurturing negative emotions like anger, greed, or envy can lead us down a darker path. It encourages us to be mindful of the aspects we choose to "feed" in our lives and emphasizes the power we have to shape our character and destiny through our daily decisions.

Baby's corner

Mitakshara Shekhawat

Daughter of
Sri. Chandra Mohan S Shekawat
Senior Manager, IT Wing, Mumbai
and
Smt. Kamod Bhati

'A Traditional Healthy Village Food of Tamil Nadu'

Black Urad Dal Rice and Coriander Seed Chutney

(Ulundhu Saadam & Dhania Tovayal)

Sowmya
Officer
Specialised Govt. Business Branch
Trivandrum CO

This is one of the quickest, easiest and healthiest one pot meal

INGREDIENTS: (SERVES-3)

Unpolished rice – ½ cup

Split black gram – ½ cup

Garlic – 6 cloves

Grated coconut- 3 table spoon

Salt – As required

FOR GRINDING (CORIANDER SEED CHUTNEY)

Coriander seeds – 3 tablespoon

Urad dal (white) – 4 tablespoon

Red chilli – 5 nos

Tamarind – Small Gooseberry size

Grated coconut – 3 table spoon

Salt – As required

Oil- 1 tsp

PROCEDURE:

URAD DAL RICE:

- Dry roast the Split black urad dal in a kadai slightly until the flavor comes (Don't change the color of the dal)
- Wash the unpolished rice along with the dry roasted dal.
- In a cooker add the rice mixture, the pound garlic cloves and grated coconut.
- Add 2.5 cups water and salt to taste.
- Mix it well and close the lid and pressure cook for 3 whistles. The consistency should be little mushy and not too grainy.

CORIANDER SEED CHUTNEY:

- Roast coriander seed and urad dal with 1 tsp of oil.
- Add red chilies, tamarind and grated coconut and roast slightly.
- Transfer the ingredients to mixer jar. Add salt to taste
- Grind coarsely.

Black gram urad dal rice taken with coriander chutney gives good flavor and tastes excellent. This food is rich protein, calcium and other important minerals & vitamin B which improves the functioning of our nervous system and circulatory system. It is said to strengthen bones. Black gram rice taken along with curd also imparts an excellent flavour. This is the most favorite traditional village food of Tamil Nadu.

*****

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಕೆನರಾ ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ Syndicate

Shreyas, in homage to Canbank's departed souls, pray that they rest in bliss, in eternal peace.

Death, said Milton, is the golden key that opens the palace of eternity.

Name	Staff No	Designation	Branch	Expired on
R SAMPATH KUMAR	108446	OFFICER	PART OF HEAD OFFICE MANIPAL	17-05-2023
SHIVAJI MAHADEV MORE @CHAMBAR	652700	PEON	SANKESHWAR	14-09-2023
AJAY KUMAR	578266	PEON	DELHI DERAWAL NAGAR AZADPUR	20-09-2023
SUSHIL CHANDRA DAS	692683	H K CUM PEON	BARUIPUR	30-09-2023
SAYANIKA PAUL	120477	SWO - A	ULUBARI	08-10-2023
G RAJ KUMAR	826224	ARMED GUARD	HYDERABAD DEFENCE PEN DIS OFF	10-10-2023
VIKASH KUMAR	106208	OFFICER	BARWA	19-10-2023
A SEENU	809937	SWO - A	BRAHMAVAR	25-10-2023
RANCHOD M VAGHELA	478706	H K CUM PEON	AHMEDABAD NEW RANIP	30-10-2023
JAIRAM MOHANTY	121613	SWO - A	COIMBATORE PANKAJA MILLS	01-11-2023
PREM SAGAR SINGH	73424	ARMED GUARD	DURG	01-11-2023
RAJESHWARI	69858	H K CUM PEON	GHAZIABAD MALIWARA	03-11-2023
TARUN MONDAL	100229	H K CUM PEON	KUSBERIA	07-11-2023
RAMADAS K C	71204	H K CUM PEON	BENGALURU AVENUE ROAD	09-11-2023
MUDDAMMA	67121	H K CUM PEON	BYRENAHALLI	12-11-2023
RAKESH KUMAR	604668	H K CUM PEON	LUCKNOW ALIGANJ	13-11-2023
MCHINA GURAVAIAH	693389	PEON	GIDDALURU	16-11-2023
NARESH KUMAR	54781	H K CUM PEON	DELHI ACCOUNT SECTION	20-11-2023
VIJAYAKUMARAN T P	530154	PEON	TIRUR	29-11-2023
ANANDAN R	68486	H K CUM PEON	CHINNALAPATTI	29-11-2023
SUNIL KUMAR KHARWAR	67865	DAFTARY	AHIBARANPUR-LUCKNOW	05-12-2023
T K MUHAMMED KUTTY	72500	SWO - A	MANJERI GOVT MEDICAL COLLEGE	06-12-2023
RAJ KUMAR	57793	PEON	INDORE REGIONAL OFFICE	14-12-2023
SURESH G	67189	DAFTARY	SALUR	15-12-2023
S U SABARIGIRIVASAN	647764	PRO OFFICER	KAVANDAPADI	18-12-2023
SANJAY KUMAR SENAPATI	56419	G MANAGER	HEAD OFFICE BENGALURU	19-12-2023

From a Car Shed to the Corner Room & Beyond

— *S. RAMAN*



MRP: ₹599 | Pages: 432
Language: English | Genre: Anecdotes

"From a Car Shed to the Corner Room & Beyond" takes the reader through the journey of Sri. S Raman who started with humble beginnings, living in a car shed for about six years of his childhood, before gradually rising to head Canara Bank. The book artfully portrays personal reflections with career growth, offering readers a clear insight into the authors triumphs and setbacks. The book largely celebrates personal achievements and also sheds light into various aspects of leadership, mentorship, decision making powers and about guiding a massive organisation forward.

"Raman's is a remarkable story: but he is also a remarkable story teller" - mentions Dr. D Subbarao in his foreword. The candid representations of the journey of Sri. S Raman through a light, humorous and thought provoking narrating experience endures the reader, specially a banker to flip pages and read further. The career line is inspiring and wholesome. Sri. Raman mentions incidents with names of staff he has worked with and has taken utmost care in thanking all his mentors who helped him achieve success in his entire journey.

The author's deep interest in places, including geography and people, languages and customs, etc ushered him to work in varied locations with zeal and enthusiasm and to create wondrous accomplishments in all spheres of his work. The book encapsulates many minute leadership techniques, nitty-gritties of decision making, and even about maintaining our cool in challenging situations. Sri. S Raman has witnessed the entire spectrum of banking, spanning from traditional ledger systems to the contemporary digital age; and the book has a vast array of examples where he joyfully explains how he embraced the changes and challenges with resilience and adaptability. The narrative is not only about success; it also explains setbacks and illuminates how they were successfully overcome, providing a well-rounded perspective on the journey.

The use of simple language and practical examples ensures that any lay person and specially the target group (bankers/financial enthusiasts) can easily grasp its concepts and insights. The book also elucidates numerous changes within the financial industry, clarifying significant milestones that have shaped its trajectory. In short, the book is a captivating blend of anecdotes, personal experiences, explorations, and strategic career decisions.

By Winnie Panicker

दिनांक 13.12.2023 को टीएटी पेंडेंसी पर आयोजित बैठक के दौरान एमडी व सीईओ श्री के सत्यनारायण राजु का स्वागत करते हुए श्री बी चंद्र शेखर, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय हैदराबाद।

MD & CEO Sri. K Satyanarayana Raju being welcomed by Sri. B Chandra Sekhara, GM, Hyderabad CO for the meeting on TAT Pendency held on 13.12.2023.

दिनांक 14.12.2023 को प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में आयोजित कन्नड़ राज्योत्सव के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती वी बी आरती, प्रसिद्ध लेखक, वक्ता एवं व्यक्तित्व विकास विशेषज्ञ के साथ उपस्थित एमडी व सीईओ श्री के सत्यनारायण राजु, कार्यपालक निदेशक श्री देबाशीष मुखर्जी एवं श्री भवेंद्र कुमार, श्रीमती के कल्याणी, मु.म.प्र., परिचालन विभाग एवं अन्य कार्यपालकगण।

MD & CEO Sri K Satyanarayana Raju, EDs Sri Debashish Mukherjee and Sri Bhavendra Kumar, Smt K Kalyani, CGM, Operations Wing and other executives along with Chief Guest Smt V B Arathi, renowned writer, orator and personality development expert on Kannada Rajyotsava held at HO Bengaluru on 14.12.2023.



रजिस्ट्रेशन सं./Registration No. 36699/83